दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-10 अंक- 350 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ बम फोड़कर ग्लोबल मार्केट में भूचाल ला दिया है। ट्रंप ने कहीं पर निगाहें रखकर कहीं पर निशाना साधा है। दरअसल ट्रंप चालबाज चीन को सबक सिखाना चाहते हैं जो अमेरिका से मोटी कमाई करके अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। चीन के चक्कर में ट्रंप ने एक ही लाठी से सभी को हॉक कर पूरी दुनिया में हाहाकार मचा दिया है। लाखों निवेशकों के करोड़ों डूब गये हैं। खुद अमेरिका का शेयर मार्केट भी धड़ाम से गिर गया है। लगता है सामने वाले की दोनों आंख फोड़ने के लिए ट्रंप अपनी एक आंख फोड़ रहे हैं।

मनरेगा के नाम पर बड़ा खेल, 5 साल पुराने स्टॉपडेम को छठे साल में बनाकर निकाली राशि !

यशवंत राजवाड़े

एमसीबी/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पतवाही के ग्राम जरडोल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में स्वीकृत स्टॉप डेम का निर्माण कार्य पाँच वर्षों तक नहीं कराया गया, लेकिन वर्ष 2024-25 में अचानक निर्माण कार्य कराकर संबंधित राशि का आहरण कर लिया गया। यह प्रकरण मनरेगा में गंभीर अनियमितता की ओर इशारा करता है।

सूत्रों के अनुसार, जिला पंचायत कार्यालय कोरिया द्वारा दिनांक 23 सितंबर 2018 को जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक 52 मनरेगा/वि.प./2018-19 के तहत ग्राम पंचायत पतवाही ग्राम जरडोल में बनवरिया नाला पर



स्टॉप डेम निर्माण कार्य की मंजूरी दी गई थी। योजना की तकनीकी स्वीकृति के बावजूद समय सीमा में कार्य नहीं कराया गया, जबकि नियमानुसार निर्धारित समय में कार्य नहीं होने पर उसे निरस्त किया जाना चाहिए था। वर्तमान में एमसीबी जिले के भरतपुर पीओ रमणीक गुप्ता से इस संबंध में प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

पुराने मामले फिर से चर्चा में, बाउंड्रीवॉल निर्माण में भी संदेह : बताया जा रहा है कि जब रमणीक गुप्ता एमसीबी जिले के प्रभारी पीओ के पद पदस्थ थे, तब इसी पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

फर्जीवाड़े का जाल फैला: एमपी निवासी और सरकारी नौकरी वाले भी उठा रहे लाभ

ग्राम पंचायत पतवाही में कुछ ऐसे लोगों के खातों में मनरेगा की राशि भेजी जा रही है, जो मध्यप्रदेश के निवासी हैं और वहीं से भी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे नाम भी सामने आ रहे हैं जो सरकारी नौकरी में नियुक्त हो चुके हैं, परंतु पिछले 5 वर्षों से अंत्योदय कार्ड का लाभ भी ले रहे हैं और मनरेगा से भी मजदूरी राशि उठा रहे हैं।

कलेक्टर से जांच की मांग

स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से मामले की गंभीरता से जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। यदि जिले में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की व्यापक जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के खुलासे हो सकते हैं।

नगरनार स्टील प्लांट में आग, करोड़ों की क्षति

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक के बाद भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि 10 किलोमीटर दूर से लपटें और धुआं साफ नजर आ रहे थे। प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे से प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, मेंटनेंस और उत्पादन में देरी से भी बड़ा घाटा होगा। इस पूरे घटनाक्र म में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई।

जालंधर में भाजपा नेता के घर पर ग्रेनेड हमला

जालंधर (वार्ता) । पंजाब के जालंधर में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मनोरंजन कालिया के घर पर मंगलवार सुबह एक बजे अज्ञात लोगों द्वारा ग्रेनेड से हमला किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन घर के सामान को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद पुलिस की टीमें कालिया के आवास पर पहुंच गईं। फोरेंसिक विशेषज्ञ भी विस्फोट स्थल से साक्ष्य एकत्र करते देखे गए। अपराधी की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

रक्षा सहयोग में मिलकर काम करेंगे भारत तथा यूएई

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन तथा सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जतायी है। भारत की यात्रा पर आये दुबई के शहजादे एवं संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच मुलाकात के दौरान देशों ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सिंह ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ के साथ नई दिल्ली में एक सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यधिक प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

कार से तीन लोगों को कुचला उस्मान खान बर्खास्त

जयपुर (वार्ता) राजस्थान की राजधानी जयपुर में कार से कुचल देने से तीन लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल हो जाने के मामले के बाद कांग्रेस ने अपने जयपुर शहर उपाध्यक्ष उस्मान खान को पद से बर्खास्त कर दिया हैं। जिला जयपुर शहर अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी के अनुसार उस्मान खान द्वारा सोमवार देर रात शहर में कार से कुचलने से तीन लोगों की मौत का मामला सामने आते ही पार्टी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपी उस्मान खान को पार्टी जयपुर शहर के उपाध्यक्ष पद से बर्खास्त कर दिया हैं।

भाजपा की बड़ी बैठक आज

दो से तीन मंत्रियों के नाम फाइनल!

■ **शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज लेंगे पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में डेढ़ साल से बहुप्रतिक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हाई लेवल बैठकों के बाद अब तय माना जा रहा है कि बहुत जल्द प्रदेश को दो-तीन नए मंत्री मिल जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का जल्द विस्तार हो सकता है। दो से तीन नये मंत्रियों के नाम फाइनल कर लिये गये हैं। केवल घोषणा होना बाकी है। इससे पूर्व भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन नौ अप्रैल को बीजेपी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मैराथन बैठक लेंगे।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन नौ अप्रैल को बीजेपी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मैराथन बैठक लेंगे। दोनों पदाधिकारी भाजपा और निगम-मंडल, आयोगों के पदाधिकारियों के साथ ही नगरीय निकायों के महापौर, सभापति, अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की बैठक लेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण के आधार पर विस्तार

साय कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। सबसे ज्यादा सरगुजा संभाग से मंत्री हैं। रायपुर दुर्ग और बस्तर संभाग से मात्र एक-एक मंत्री हैं। इसलिए रायपुर से राजेश मूणत और पुरंदर मिश्रा का नाम चर्चा में है। बिलासपुर से रमन सरकार में तीन बार मंत्री रह चुके अमर अग्रवाल का नाम चर्चा में है। इसके अलावा यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने दुर्ग से गजेंद्र यादव के नाम की चर्चा है। साय कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्री थे, लेकिन सांसद का चुनाव जीतने के बाद शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से मुख्यमंत्री साय समेत 11 मंत्री ही काम कर रहे हैं।

मैराथन बैठकों के बाद मंत्रिमंडल विस्तार संभव

चर्चा है इन मैराथन बैठकों के बाद मंत्रिमंडल का जल्द विस्तार हो सकता है। नये मंत्रियों के नामों का ऐलान कभी भी हो सकता है। दो से तीन मंत्री शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, नाम फाइनल कर लिये गये हैं। केवल घोषणा होनी बाकी है। लोकसभा चुनाव, उप चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, मंडल, आयोग के अध्यक्षों और ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

अब ऐसा हो सकता है कैबिनट का स्वरूप

ये हैं संभावित नाम-बिलासपुर से अमर अग्रवाल,रायपुर से राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा,दुर्ग से विधायक गजेंद्र यादव। वर्तमान साय कैबिनेट-विष्णुदेव साय-मुख्यमंत्री,अरुण साव-उप मुख्यमंत्री, विजय शर्मा-उप मुख्यमंत्री, ओपी चौधरी-वित्त मंत्री, मंत्री केदार कश्यप-वन मंत्री, दयाल दास बघेल-खाद्य मंत्री, टंकराम वर्मा-खेल मंत्री, लखनलाल देवांगन-उद्योग मंत्री, ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

कभी भी हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार

साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बयान देते हुए कहा है कि कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। सीएम के इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि देर रात तक या कल तक मंत्रिमंडल विस्तार की लिस्ट आ सकती है।

बन सकते हैं दो या तीन नए मंत्री

इस बात की चर्चा है कि दो या तीन नए मंत्री बनाये जा सकते हैं। इनमें रायपुर से रमन कैबिनेट में तीन बार मंत्री रह चुके विधायक राजेश मूणत, बिलासपुर से तीन बार मंत्री रह चुके अमर अग्रवाल के नाम आगे चल रहे हैं। वहीं दुर्ग से विधायक गजेंद्र यादव और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा भी रेस में हैं। इन नामों को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रवास के दौरान भी उनसे बातचीत की जा चुकी है। ऐसे में जल्द ही साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु गवर्नर को फटकार

'राज्यपाल का विधेयकों को रोकना अवैध और मनमाना'

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार लगाई है और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी नहीं देने को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से ही काम करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों को रोकना अवैध और मनमाना कदम है। राज्यपाल को अवरोधक नहीं बनना चाहिए।

'राज्यपाल के पास वीटो का अधिकार नहीं'

सुप्रीम कोर्ट पीठ ने तमिलनाडु की सरकार को बड़ी राहत देते हुए कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को रोक नहीं सकते और न ही किसी विधेयक पर वीटो या पॉकेट वीटो कर सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल या तो विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं या फिर उस विधेयक को राष्ट्रपति के पास

'अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए'

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपने एक अहम फैसले में कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए और इसके साथ पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश को पलट दिया। अपने इस आदेश से सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक विश्लेषण तहसीन पूनावाला को बड़ी राहत दी और उच्च न्यायालय द्वारा पूनावाला पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश पर रोक लगा दी। तहसीन पूनावाला और गायक और संगीतकाल विशाल ददलानी पर जैन मुनि तरुण सागर के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला था।

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश की आलोचना की : जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के 2019 के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें पूनावाला और विशाल ददलानी को जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि याचिकाकर्ता ने एक विशेष धर्म के पुजारी की आलोचना की थी। पीठ ने कहा, 'यह किस तरह का आदेश है? जुर्माना ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

तीन और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: गृहमंत्री शाह

श्रीनगर(वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों- जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की और कहा कि इस कदम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के दृष्टिकोण को और बढ़ावा मिला है।

श्री शाह ने 'एक्स' पर कहा, जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह कदम घाटी के लोगों के भारत के संविधान में विश्वास का एक प्रमुख प्रदर्शन है।

26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने 'एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है। विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवंबर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है।

शेयर बाजार ने बदली करवट लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफपर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर

22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

आरबीआई का रुख हो सकता है 'अकोमोडेटिव' : रिपोर्ट

ग्लोबल सेंटीमेंट में तेजी से बदलाव, बाजार में उच्च अस्थिरता और अमेरिकी टैरिफ शॉक के बीच मंदी के डर से संकेत मिलता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 9 अप्रैल को 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। साथ ही बैंक दिशा में सहजता के लिए रुख में बदलाव कर अकोमोडेटिव हो सकता है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को अपनी तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक शुरू की। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने नोट में कहा, ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

गरमा-गरम

84वां राष्ट्रीय अधिवेशन... गुजरात में 64 साल बाद हो रहा है कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन

गांधी और पटेल की धरती से कांग्रेस का शंखनाद

हरिओम चौहान

अहमदाबाद/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पहले गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की धरती से देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने संघर्ष का शंखनाद किया है। कांग्रेस 64 साल बाद गुजरात में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन कर रही है। इसके पूर्व 1961 में गुजरात के भाव नगर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था। यह कांग्रेस का 84वां राष्ट्रीय अधिवेशन है। आज सरदार पटेल स्मारक में कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक हुई जिसे

संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणामस्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

सरदार पटेल और पंडित नेहरू एक सिक्के के दो पहलू

उन्होंने कहा पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है और 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफवातावरण बनाने का काम वे लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफथे। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

कांग्रेस अधिवेशन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

कांग्रेस में बड़े बदलाव की उम्मीद से आयोजित कांग्रेस का दो दिन चलने वाला गुजरात अधिवेशन मंगलवार को यहां शाहीबाग, सरदार पटेल स्मारक में शुरू हो गया, जिसमें पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के तमाम बड़े नेता यहां सरदार पटेल स्मारक हॉल के सामने बने विशाल पंडाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनौतियों से निपटने और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के मुद्दे पर विचार- विमर्श कर रहे हैं।

पार्टी के बेलगांव सम्मेलन के बाद उसके प्रस्तावों को इस अधिवेशन के जरिए आगे बढ़ाने की नीति पर विचार होगा। कांग्रेस 2025 को पार्टी में सुधार लाने के लिए काम कर रही है और इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस सम्मेलन के दौरान पार्टी के जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी चीन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी

न्यूयॉर्क। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफलगाने की धमकी दी है, जिससे कुल टैरिफ उत्पादों के मूल्य से भी अधिक हो जाएंगे। साथ ही, वे दुनिया भर के देशों पर बराबरी का टैक्स लगाने की अपनी नीति को और मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर चीन ने 8 अप्रैल 2025 तक अपने 34 प्रतिशत टैरिफवृद्धि को वापस नहीं लिया, तो अमेरिका 9 अप्रैल से चीन पर 50त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह बीजिंग के साथ शुल्कों पर किसी भी बातचीत को खत्म कर देंगे। अन्य शुल्कों के साथ मिलकर, कुल टैरिफ 104 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। अगर अमेरिका-चीन टैरिफविवाद में कोई भी पक्ष पीछे नहीं हटा, तो आयातित उत्पादों की कीमत से अधिक शुल्क का अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बुरा असर

पड़ सकता है, जो रोजमर्रा की कई चीजों के लिए चीन पर निर्भर हैं। ट्रंप का यह बयान चीन के उस ऐलान के जवाब में था, जिसमें उसने अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। पारस्परिक शुल्कों में किसी भी रुकावट से इनकार करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, "हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं।" इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा,"मुझे इससे गुजरने में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि मुझे अंत में एक खूबसूरत तस्वीर दिखाई देती है।"

ट्रंप की धमकियों के बीच अमेरिकी शेयर बाजारों ने पिछले हफ्ते अपनी तेज गिरावट को रोका, जिसमें नैस्डैक ने सोमवार को 0.1 प्रतिशत की मामूली बढ़त हासिल की, जबकि व्यापक एसएंडपी इंडेक्स में केवल 0.23 प्रतिशत की गिरावट आई। कुछ समय के लिए एक सकारात्मक संकेत दिखा, जब यह अफ्वाह थी कि पारस्परिक टैरिफों पर 90 दिन की रोक लगेगी, तब एसएंडपी 3.4 प्रतिशत ऊपर था, लेकिन व्हाइट हाउस द्वारा इसे खारिज किए जाने से पहले एसएंडपी में गिरावट आई। ट्रंप ने जोर देकर कहा,"हम बहुत से देशों के साथ जबरदस्त प्रगति कर रहे हैं और जिन देशों ने वास्तव में हमारा फायदा उठाया है, वे अब कह रहे हैं, 'कृपया बातचीत करें।'" जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि टोक्यो बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है।

विदेश विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत में भारत पर पारस्परिक टैरिफ और ÷निष्पक्ष और संतुलित व्यापार संबंधों की दिशा में प्रगति कैसे करें÷ पर चर्चा की। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका को" शून्य के बदले शून्य÷ का सौदा पेश किया, जिसमें औद्योगिक सामानों, जैसे कारों पर टैरिफ खत्म करने की पेशकश की। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम हमेशा एक अच्छे सौदे के लिए तैयार हैं।"उन्होंने चेतावनी दी, "हम जवाबी उपायों के साथ जवाब देने के लिए भी तैयार हैं और व्यापार में बदलाव से होने वाले अप्रत्यक्ष प्रभावों से खुद को बचाने के लिए भी तैयार हैं।" रिपोर्टों के अनुसार, यूरोपीय संघ दो चरणों में अपने स्वयं के पारस्परिक टैरिफलगाएगा, एक अगले सप्ताह और दूसरा मई में। दो रिपब्लिकन सीनेटरों माइक ली और रॉन जॉनसन ने ट्रंप से एक्स पोस्ट में इस डील को स्वीकार करने का आग्रह किया। हालांकि, इजरायल के लिए कोई टैरिफरियायत की घोषणा नहीं की गई, लेकिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल उनके देश के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को खत्म कर देगा और सुझाव दिया कि यह अन्य देशों के लिए एक मॉडल होगा।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मुरादनगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सोमवार को धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। प्रशासनिक विंग को भेजे गए इस मेल में फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद पुलिस और साइबर सेल की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। इस धमकी भरे ईमेल के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन की कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बम और गोले जैसे विस्फोटक बनाए जाते हैं, जिससे इस धमकी के बाद सुरक्षा के लिहाज से स्थिति को गंभीर माना जा रहा है।

इजरायल के कृषि मंत्री ने देखा पूसा परिसर कामकाज

नई दिल्ली(वार्ता)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजरायल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के कृषि परिसर का कामकाज देखा। केंद्रीय कृषि सचिव और आईसीएआर के प्रभारी महानिदेशक देवेश चतुर्वेदी ने दोनों मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों को पूसा दिल्ली में शुरू किए गए कृषि में भारत-इजरायल उत्कृष्टता के पहले केंद्र और देश के विभिन्न हिस्सों के किसानों और अधिकारियों को प्रदर्शन और प्रशिक्षण के साथ-साथ संरक्षित खेती की तकनीकों को लोकप्रिय बनाने में इसके व्यापक योगदान के बारे में जानकारी दी।दोनों मंत्रियों और प्रतिनिधियों को आईएआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित संरक्षित खेती की तकनीकों और किस्मों के बारे में बताया और कहा कि इसे पूरे देश में लोकप्रिय बनाया गया है। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने एक ग्रीनहाउस का दौरा किया, जिसे वर्ष 1998 में भारत-इजरायल विशेषज्ञता के साथ स्थापित किया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनहाउस के अंदर सब्जी फसलों रंगीन शिमला मिर्च, टमाटर और चेरी टमाटर को देखा। टमाटर की ग्रीनहाउस किस्में पूसा कॉकटेल टमाटर, पूसा चेरी टमाटर हाइब्रिड -1, पूसा रक्षित, रंगीन शिमला मिर्च सीपीसीटी-31सी-11 पीला, सीपीसीटी-एवी-151 नारंगी, सीपीसीटी-33ए-2 लाल, पूसा पार्थेनोकार्पिक खीरा, ग्रीष्मकालीन स्क्वैश पूसा अलंकार, पूसा पसंद और फूलों की किस्में गुलदाउदी ज़ेम्बला, मैरीगोल्ड पूसा पर्व, पूसा बहार और पूसा दीप को माननीय मंत्रियों के समक्ष प्रदर्शित किया गया।

दलाई लामा 300 लोगों के 'स्वतंत्रता पथ' पर जाने से हुए अभिभूत

धर्मशाला(वार्ता)। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु

दलाई लामा हाल ही में संपन्न 'स्वतंत्रता पथ' से बहुत प्रभावित हुए, जिस पर 300 ट्रेकर्स ने यात्रा की थी, जिन्होंने 1959 में तिब्बत और भारत के बीच सीमा पर खेन-दजा-मनी से तवांग में पुंगतेंग-त्से तक की अपनी छह दिवसीय यात्रा की थी। यह यात्रा शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में तवांग मठ में समाप्त हुई, जिसमें 66 वर्ष पहले आध्यात्मिक नेता के तिब्बत से पलायन की याद में यह यात्रा निकाली गई।

अमेरिका ने उत्तरी यमन में हूती के खिलाफ 22 हवाई हमले किए

सना(वार्ता)। अमेरिकी सेना ने मंगलवार की सुबह उत्तरी यमन में कई हूती ठिकानों को निशाना बनाकर 22 हवाई हमले किए।हूती संचालित अल-मसीरा टीवी और निवासियों ने यह जानकारी दी। हमलों में राजधानी सना के पूर्व और दक्षिण के क्षेत्रों, लाल सागर में कामरान द्वीप और तेल समृद्ध मारिब प्रांत के उत्तर और दक्षिण दोनों क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने हवाई हमलों को बहुत शक्तिशाली और हिंसक बताया।

गाजा में इज़रायली हमलों में 25 फ़िलिस्तीनी मारे गए

गाजा (वार्ता)। गाजा पट्टी में सोमवार को इज़रायली हमलों में कम से कम 25 फ़िलिस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने कहा कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक प्रेस टेंट को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में एक पत्रकार सहित दो फ़िलिस्तीनी मारे गए और नौ अन्य पत्रकार घायल हो गए।

'भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं' : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने अपने आवास पर मुद्रा योजना के लाभार्थियों से की बात

नई दिल्ली। मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने के अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'मैंने पूरे भारत से मुद्रा लाभार्थियों को अपने निवास पर आमंत्रित किया था। उन्होंने इस योजना से उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में रोचक जानकारी साझा की।'

'योजना ने सामाजिक समावेशन और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की'

उन्होंने आगे लिखा, 'यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70त्न से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं! प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, आत्म-सम्मान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेशन के अलावा इस योजना ने सामाजिक समावेशन और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है।

'मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रहेगा'

उन्होंने यह भी लिखा कि आने वाले समय में हमारी सरकार एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी, जहां हर महत्वाकांक्षी उद्यमी को ऋण तक पहुंच हो, जिससे उसे आत्मविश्वास के साथ और आगे बढ़ने का मौका मिले।

'मुद्रा योजना ने कई सपनों को हकीकत में बदला'

उन्होंने लिखा, 'आज, जब हम मुद्रा योजना के 10 साल पूरे कर रहे हैं, मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं, जिनके जीवन में इस योजना की बदौलत बदलाव आया है। इस दशक में मुद्रा योजना ने कई सपनों को हकीकत में बदला है। ऐसे लोगों को सशक्त बनाया है, जिन्हें पहले वित्तीय सहायता से वंचित रखा गया था। यह दर्शाता है कि भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है!'

लाभार्थियों ने सुनाई अपनी-अपनी कहानी

- उत्तर प्रदेश के रायबरेली की एक लाभार्थी ने कहा, '...हम आपसे वादा करते हैं कि हम सब मिलकर भारत को विकसित भारत बनाएंगे। अब हमें सरकार से लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं होती...मैं बेकरी चलाती हूं। मेरा मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख रुपये है और हमारे पास 7 से 8 लोगों का स्टाफहै।'
- गुजरात के भावनगर से एक लाभार्थी ने कहा, '...मैं आदित्य टेक लैब का संस्थापक हूं, जिसमें मैं 3डी प्रिंटिंग, रिवर्स इंजीनियरिंग और रैपिड प्रोटोटाइपिंग करता हूं और थोड़ा बहुत रोबोटिक्स भी जानता हूं क्योंकि मैं मेकाट्रॉनिक के अंतिम वर्ष का छात्र हूं। मैंने 2 लाख रुपये का मुद्रा लोन लिया है और मैं सोमवार से शुक्रवार तक कॉलेज जाता हूं और फिर सप्ताहांत में मैं भावनगर में अपना काम करता हूं। तो अभी मैं 30,000 से 35,000 रुपये प्रति माह कमा रहा हूं...'
- पूनम कुमारी नाम की एक लाभार्थी ने बताया, 'हम बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं। हम इतनी गरीबी देखी है कि अक्सर हम सिर्फएक वक्त का ही खाना खा पाते थे, दूसरे वक्त सोचना पड़ता था। मैं पहली बार दिल्ली आई हूं, पहली बार फ्लाइट में बैठी हूं। मैं किसान परिवार से हूं। मैंने अपने पति से बात की और ऋण लेकर कुठ काम शुरू करने को कहा। उन्होंने मेरा साथ दिया और दोस्तों से बात की। फिर में इस योजना का पता चला। फिर हमने आठ लाख ऋण लेकर बीज का काम कर रहे हैं। मैंने 2024 में ही काम शुरू किया है। मैं महीने में 60 हजार रुपये तक कमा रही हूं।'

अल्लाह ने मुझे जीवित रखा, मैं आ रही हूं...

शेख हसीना ने दिए वापसी के संकेत,यूनुस पर कसा तंज

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है, "अल्लाह ने मुझे किसी कारण से जीवित रखा है", और "वह दिन आएगा" जब अवामी लीग के सदस्यों को निशाना बनाने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना बीते साल अगस्त में उस वक्त भारत आ गई थीं जब बांग्लादेश में छात्र आदोलन हिंसक हो गया था। हसीना ने यह टिप्पणी उस समय की जब वो सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्यों से बातचीत कर रही थीं।

हसीना ने यूनुस पर साधा निशाना

शेख हसीना ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस पर निशाना साधा। हसीना ने यूनुस को "ऐसा व्यक्ति बताया जिसने कभी लोगों से प्यार नहीं किया।" हसीना ने कहा कि यूनुस ने उच्च ब्याज दरों पर छोटी रकम उधार ली और उस पैसे का इस्तेमाल विदेश में शानदार तरीके से रहने के लिए किया। उन्होंने कहा हम तब उनके दोगलेपन को नहीं समझ पाए, इसलिए हमने उनकी बहुत मदद की। यूनुस ने अपने लिए अच्छा किया, फिर सत्ता की लालसा पैदा हुई जो अब बांग्लादेश को जला रही है। 77 वर्षीय हसीना ने कहा कि विकास के मॉडल के रूप में देखा जाने वाला बांग्लादेश अब 'आतंकी देश' में बदल गया हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस तरह से मारा जा रहा है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को निशाना बनाया जा रहा है।

'अल्लह ने मुझे बचाया है'

पूर्व प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में मीडिया पर शिकंजा कसने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बलात्कार, हत्या, डकैती, कुछ भी रिपोर्ट नहीं किया जा सकता। अगर रिपोर्ट किया जाता है, तो टीवी चैनल या अखबार को निशाना बनाया जाएगा। अपने पिता और बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान सहित अपने पूरे परिवार की भयानक हत्याओं को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैंने एक ही दिन में अपने पिता, माता, भाई, सभी को खो दिया। मुझे अपने लोगों को खोने का दर्द पता है। अल्लाह ने मुझे बचाया है, शायद वह मेरे ज़रिए कुछ अच्छा करवाना चाहता हो। जिन लोगों ने अपराध किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

पूर्व क्रिकेटर केदार जाधव ने थामा बीजेपी का दामन

मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में केदार जाधव भाजपा में सामिल हो गए। मुंबई में महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। चंद्रशेखर बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। केदार जाधव ने पिछले साल जून में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। इसकी जानकारी उन्होंने

सोशल मीडिया के जरिए दी थी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच आठ फरवरी, 2020 को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। चार मैचों की वनडे सीरीज में उन्होंने सिर्फ35 रन बनाए थे। इस सीरीज में उन्हें सिर्फदो मुकाबलों में प्लेइंग 11 का हिस्सा बनाया गया था।

आर्कटिक महासागर की बर्फ 47 सालों में सबसे कम

ब्रुसेल्स(वार्ता)। आर्कटिक महासागर की बर्फइस साल मार्च में 47 सालों में सबसे कम हो गई है। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा की ओर से एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में, समुद्री बर्फका विस्तार औसत से 6% कम था, जो चौथा लगातार न्यूनतम रिकॉर्ड है और अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से 24% कम था।

दिसंबर से पहले बदल जाएगा सीएम', कर्नाटक कांग्रेस में अंदरूनी कलह पर विधायक शिवगंगा का बड़ा दावा

बंगलूरू। कर्नाटक कांग्रेस में शीर्ष पद को लेकर चल रही अंदरूनी कलह के बीच कांग्रेस विधायक ने बड़ा दावा किया है। विधायक और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक बसवराजू शिवगंगा ने कहा कि जब कुर्सी खाली हो तो कोई भी सीएम बन सकता है। मैं पहले भी कह चुका हूं कि दिसंबर से पहले सीएम बदल जाएगा। वहीं केपीसीसी अध्यक्ष पद के लिए सतीश जारकीहोली के नाम की अटकलों पर

विधायक शिवगंगा ने कहा कि केपीसीसी अध्यक्ष का पद अभी खाली नहीं है। जब अध्यक्ष का पद खाली होगा, हम इसके बारे में बात कर सकते हैं। नाम सामने आएंगे, तो कोई भी अध्यक्ष बन सकता है। यह सतीश जारकीहोली, मैं या कोई और भी हो सकता है। वर्तमान में केपीसीसी अध्यक्ष पद खाली नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर लगातार सियासी बवाल जारी है। जनवरी में मंत्री सतीश जारकीहोली के आवास पर चुनिंदा दलित और एसटी कैबिनेट सहयोगियों के साथ सिद्धारमैया के रात्रिभोज ने कांग्रेस के भीतर राज्य के बजट के बाद सीएम बदलने की चर्चाएं तेज कर दी थीं।

जयपुर ब्लास्ट केस में कोर्ट ने सुनाया फैसला सभी आरोपियों को आजीवन कारावास

नई दिल्ली। जयपुर ब्लास्ट केस में सभी चोर दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम पाए गए केस में चारों को कोर्ट ने 2 दिन पहले ही दोषी करार दिया था।

कोर्ट ने मामले में 600 पन्नों का फैसला दिया है। वहीं, सरकार की ओर से 112 सुबूत, 1192 दस्तावेज, 102 आर्टिकल और 125 पेज की लिखित बहस पेश की गई थी।

फैसला सुनाने से पहले ही राजस्थान पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, नौवां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था, जिसको फटने से ठीक 15 मिनट पहले ही डिफ्यूज कर दिया गया था। मामले में कोर्ट ने सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ सैफुर्रहमान, शाहबाज को दोषी पाया और आज आजीवन कारावास की सजा सुना दी है।

बता दें कि इससे पहले साल 2019 के दिसंबर महीने में निचली अदालत ने जयपुर धमाकों के मामले में सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, पांचवें आरोपी शाहबाज को संदेह के लाभ में बरी कर दिया गया था। जिन चार को सजा सुनाई गई थी, उन्होंने सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने 29 मार्च, 2023 को चारों को बरी कर दिया और शाहबाज हुसैन को बरी करने के फैसले की भी पुष्टि की।

71 लोगों की हुई थी मौत

दरअसल, यह पूरा मामला 13 मई, 2008 को जयपुर के चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने डिफ्यूज कर दिया था। 13 मई 2008 को जयपुर शहर में सिलसिलेवार तरीके से कुल आठ बम धमाके हुए थे। इसके बाद नौवां बम चांदपोल बाजार के पास मिला था, जिसे डिफ्यूज कर दिया गया था। जयपुर के माणक चौक खंदा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम फटे थे। इन बम धमाकों में 71 लोगों की जान चली गई थी और 180 अन्य घायल हो गए थे।

सम्मान... *हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इन संबंधों ने हमारी सामूहिक कल्पना पर अमिट छाप छोड़ी*

राष्ट्रपति मुर्मु को पुर्तगाल में 'सिटी की ऑफऑनर' सम्मान से नवाजा गया

नई दिल्ली (वार्ता)। पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मु को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता

है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा द्वारा पलासियो दा अजुडा में उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने अपने भोज भाषण में कहा हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इन संबंधों ने हमारी सामूहिक कल्पना पर अमिट छाप छोड़ी है। इनमें हमारा साझा अतीत शामिल है जो वास्तुकला, ऐतिहासिक स्थलों और भाषाओं के साथ-साथ हमारे व्यंजनों में भी झलकता है। यह वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि हम भारत-पुर्तगाल द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हमारे प्राकृतिक तालमेल और विविध क्षेत्रों में सहयोग की क्षमता के साथ, हमारे ऐतिहासिक संबंध एक गतिशील और दूरदर्शी साझेदारी बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं।

पुर्तगाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा, आईटी, स्टार्ट-अप, अनुसंधान, शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-पुर्तगाल सहयोग में निरंतर और प्रगतिशील वृद्धि पर प्रसन्नता हुई। राष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, स्टार्ट-अप और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अपनी ताकत का उपयोग कर एक समावेशी और सतत विकास मॉडल तैयार कर रहा है, जिससे सभी को लाभ हो। उन्होंने कहा कि भारत इन प्रयासों में पुर्तगाल को अपना भागीदार मानता है। राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने में पुर्तगाल की भूमिका की सराहना की।

लोयला स्कूल के छात्रों व अन्य के बीच चाकूबाजी की घटना का 5 वां आरोपी गिरफ्तार

अपने भाई लक्ष्य कश्यप को लोयला स्कूल लेने गए, श्रीयांक कश्यप को बदमाशों ने पेट में मारा था चाकू

बिलासपुर/नवप्रदेश। फरार आरोपी को सरकण्डा पुलिस के गिरफ्तार किया है। आरोपी 2 माह पूर्व लोयला स्कूल के छात्र पर अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला किया था। पूर्व में 4 आरोपी हो गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार श्रीजय कश्यप पिता सतीश कुमार कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी निखिलेश्वरम कालोनी जबड़ापारा सरकण्डा का 29 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका भाई लक्ष्य कश्यप लोयला स्कूल में कक्षा 9वीं पढ़ रहा है जो इसे फोन कर लेने के लिए स्कूल आने के लिए बोला तब वह कार से अपने भाई श्रीयांक कश्यप के साथ लक्ष्य कश्यप को लेने लोयला स्कूल पहुंचकर गेट के सामने इंतजार कर रहा था तभी कान्हा साहू इसे अपने पास बुलाकर पूछा कि तुम लक्ष्य के भाई हो क्या तब वह हां कहने पर विवाद करते हुये अश्लील गाली गलौच करने लगा जिसे मना करने पर इसके कालर को पकड़ लिया और पीछे से नकुल यादव आया और ईट उठाकर सिर के पीछे मार दिया तभी इसके भाई श्रीयांक कश्यप बीच बचाव करने आया तो कान्हा साहू श्रीयांक कश्यप के गला को पकड़ कर जमीन में गिरा दिया और उसके साथी लोग लात घूसा से मारपीट करने लगे। इसी बीच कान्हा साहू और हर्ष चाकू निकालकर भाई श्रीयांक कश्यप को हत्या करने के नियत श्रीयांक के पेट, कुल्हे के पास मारकर चोंट पहुंचाये हैं, खून निकलते देख कान्हा साहू अपने साथी समीर साहू हर्ष व अन्य के साथ मोटर सायकल से फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 156/2025 धारा 109, 191(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया जिनके आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार एवं सी.एस.पी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. निलेश पाण्डेय के दिशा निर्देशन में टीम तैयार कर आरोपी हर्ष उपाध्याय एवं समीर साहू को घटना के 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपी अमित सूर्यवंशी, नकुल यादव, कान्हा साहू व अन्य फरार थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी कि 15 मार्च को आरोपी अमित सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है, प्रकरण के आरोपी नकुल यादव एवं कान्हा साहू की पतासाजी की जा रही थी कि दिनांक 20 मार्च को आरोपी नकुल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी कान्हा साहू की सतत् पतासाजी किया जा रहा था जो 7 अप्रैल को सूचना मिला कि आरोपी कान्हा साहू अपने घर आया हुआ है।

कान्हा को घर में घेराबंदी कर दबोचा

प्रकरण में आरोपी अमित सूर्यवंशी, नकुल यादव, कान्हा साहू व अन्य फरार थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी कि 15 मार्च को आरोपी अमित सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है, प्रकरण के आरोपी नकुल यादव एवं कान्हा साहू की पतासाजी की जा रही थी कि 20 मार्च को आरोपी नकुल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी कान्हा साहू की सतत् पतासाजी किया जा रहा था जो 7 अप्रैल को सूचना मिला कि आरोपी कान्हा साहू अपने घर आया हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल टीम तैयार कर आरोपी के घर पर टीम भेजा गया जहां आरोपी कान्हा साहू को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

■ न्यूज गैलरी

राजस्व पखवाड़ा के तहत 24 गांवों में शिविर आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजस्व संबंधित मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। तीसरे दिन 9 अप्रैल को 24 गांवों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। इनमें बिलासपुर तहसील में ग्राम सेंदरी के शासकीय हाईस्कूल, मटियारी में शासकीय प्राथमिक शाला धनुवारपारा मोहरा, सिरगिट्टी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, बेलतरा तहसील में ग्राम पंचायत सेमरा एवं ग्राम पंचायत करमा, बिल्हा तहसील में ग्राम बिटकुली एवं उमरिया, बोदरी तहसील में ग्राम पंचायत भवन सरवानी एवं ग्राम पंचायत भवन कड़ार, मस्तूरी तहसील में भनेसर एवं डोड़की, सीपत तहसील में ग्राम खोंधरा, पचपेड़ी तहसील में ग्राम पचपेड़ी एवं भटचौरा, तखतपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन बीजा, ग्राम पंचायत भवन राजपुर, ग्राम पंचायत भवन सोनबंधा एवं ग्रांम पंचायत भवन बेलपान, सकरी तहसील में सैदा, संबलपुरी एवं नेवरा, कोटा तहसील में नवागांव के ग्राम पंचायत भवन, रतनपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन जाली एवं ग्राम पंचायत भवन जोगीपुर, बेलगहना तहसील में नगोई एवं सोढ़ाखुर्द में शिविर आयोजित होंगे।

सीएमएचओ ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को भेजा नोटिस

अपोलो प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। दमोह के मिशन अस्पताल में डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम द्वारा कई मरीजों का हार्ट का ऑपरेशन किया गया, जिसमें से 7 लोगों की मौत हो गई। डाक्टर ने खुद को ब्रिटेन का प्रसिद्ध कार्डियोलास्टि प्रोफेसर बताया था। फर्जीवाड़ा सामने आते ही यह स्पष्ट हो गया यह डाक्टर पूर्व में अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में हृदय रोग विशेषज्ञ के रुप में पदस्थ थे। इनके ऑपरेशन के बाद ही छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मृत्यु हुई थी। इस विषय को लेकर आज प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने प्रेस वार्ता में कहा कि अपोलो प्रबंधन बिलासपुर में डाक्टर प्रताप रेड्डी, चेयरमेन अपोलो हास्पिटल ग्रुप, प्रीथा रेड्डी इक्जीक्यूटिव चेयरमेन ओपालो हास्पिटल ग्रुप, डॉ. मनीष मट्टू रीजनल हेड अपोलो हास्पिटल ग्रुप, अर्नव राहा यूनिट हेड अपोलो हास्पिटल और नरेंद्र विक्रमादित्य यादव तथाकथित फर्जी डाक्टर पर एफआईआर होना चाहिए। श्री केशरवानी ने आगे बताया कि 2 अगस्त 2006 को पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला विधायक कोटा की तबियत खराब होने पर उन्हें अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद आईसीयू में रखा गया। उस दौरान नरेंद्र विक्रमादित्य यादव अपोलो हास्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ के रुप में पदस्थ थे। श्री शुक्ल को घबराहट एवं सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। डाक्टर ने माइल्ड हार्ट अटैक बताकर एंजीयोग्राफी एवं उसके बाद जरुरत होने पर आपरेशन की बात कही। परिवार की सहमति मिलने के बाद श्री शुक्ल का आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद ही उनकी तबियत और भी नाजूक हो गई। उन्हें वेंटिलेटर में रखा गया। 18 दिन तक श्री शुक्ल आईसीयू में वेंटिलेटर पर रहे उसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस दौरान परिवार के सदस्यों को भी उनसे मिलने का मौका नहीं दिया गया। डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य इलाज संबंधित स्पष्ट जानकारी परिवार वालों को नहीं दी थी। अपोलो द्वारा अयोग्य डाक्टर की नियुक्ति की वजह से श्री शुक्ल की मौत हुई है। श्री शुक्ल की मृत्यु के बाद पूरे इलाज का भुगतान लगभग बीस लाख रुपए छत्तीसगढ़ विधानसभा से प्राप्त किया और डाक्टर विक्रमादित्य को दूसरे जगह भेज दिया गया।

डॉक्टर से संबंधित दस्तावेज पेश करने निर्देश

सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने इस घटना पर एक्शन लेते हुए अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। जवाब मांगा गया है कि किस आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। उसकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है।

भाजपा संगठन को सशक्त बनाने व 'विकसित भारत' के लक्ष्य पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विधानसभा अंतर्गत तिफरा में आयोजित भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में सम्मिलित होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर उन्हें संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, महांपौर पूजा विधानी, जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जयसवाल, डॉ. देवेंद्र कौशिक सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह सम्मेलन राष्ट्र निर्माण के महान संकल्प को साकार करने की दिशा में सार्थक सिद्ध होगा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसेवा, सामाजिक समरसता तथा सुशासन के लिए पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

कृषि क्षेत्र व समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को दें ज्यादा लोन

■ **एक साल बाद भी बैंक शाखा नहीं खोलने पर जताई नाराजगी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई। उन्होंने निर्णय के एक साल बाद भी बैंक शाखा नहीं खोलने पर बैंक प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की। गत साल की बैठक में जिले के दूरस्थ इलाकों में 13 बैंक शाखाएं खोले जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन साल बीतने के बाद केवल तीन -दगोरी, सेन्दरी एवं भरनी को छोड़ शेष का अता-पता नहीं है। संबंधित बैंक बैठक में नहीं खोले जाने का उचित जवाब भी नहीं दे पाए। कलेक्टर ने उन बैंकों के विरूद्ध शासन स्तर पर संस्थागत वित्त विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिए। आरबीआई की गाईड लाईन के अनुरूप समाज के कमजोर तबकों - एससी एवं एसटी एवं किसानों को निर्धारित मानक से कम लोन देने पर एतराज जताया और इस साल इसे सुधारने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, आरबीआई एवं नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित सभी बैंको के प्रबंधक एवं लाईन डिपार्टमेन्ट के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने एलडीएम को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को बैंक ऋण देने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस दिशा में बैंक प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहे हैं।

डेयरी पालन के इच्छुक किसानों को ज्यादा लोन मिले

कलेक्टर ने प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत डेयरी एवं मछलीपालन के लिए लोन आवंटित करने में उपेक्षा किये जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य की डेयरी महासंघ का एनडीडीबी के साथ एमओयू हुआ है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के ज्यादा लक्ष्य मिले हैं। डेयरी पालन के इच्छुक किसानों को ज्यादा लोन मिले, तभी यह टास्क संभव होगा। सभी बैंक इस दिशा में प्रयास करें। कैनरा बैंक की सीपत शाखा द्वारा महिला समूहों को परेशान करने का मामला सामने आया। छोटी-छोटी बातों को लेकर सहयोग करने के बजाय उनके द्वारा दुर्व्यहार किया जाता है।

कांस्टेबल को लाठी रॉड से पीटा, सिर फटा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कुछ बदमाशों ने एक कॉन्स्टेबल पर बीच सड़क लाठी और रॉड से हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना में आरक्षक सतीश कुमार लोधी का सिर फट गया, वह खून से लथपथ अस्पताल पहुंचा। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। 4 बदमाश स्कूटी में सवार होकर आए और सतीश को टक्कर मारी। जिसके बाद वे शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे।

कौड़िया और रलिया में 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सीपत/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) सीपत ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आसपास के गांवों में विकास कार्यो को गति दी है। इसी क्रम में एनटीपीसी सीपत की ओर से ग्राम पंचायत कौड़िया और ग्राम पंचायत रलिया में कुल 80 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इन कार्यों में ग्राम पंचायत कौड़िया में बाउंड्री वॉल का निर्माण और ग्राम पंचायत रलिया में सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क का निर्माण शामिल है। कौड़िया और रलिया में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्र प्रकाश सूर्या मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जनपद सदस्य भास्कर पटेल, जनपद सदस्य उषा देवी केवट, मंडल सीपत के महामंत्री अभिलेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर पटेल और कौड़िया के सरपंच धनेश्वर साहू जी , बसंत पांडे, रलिया सरपंच रेखा बाई सांडे, शैलेन्द्र सांडे, नरोत्तम चंद्राकर, अश्वनी पटेल उपसरपंच, गोवर्धन यादव कमलेश साहू यदु राम साहू, आनंद सिदार,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या ने कहा कि एनटीपीसी सीपत द्वारा गांवों में कराए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं और इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क निर्माण से रलिया गांव में आवागमन सुगम होगा। जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्र प्रकाश सूर्या ने भी एनटीपीसी के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

अग्रवाल महिला समिति का गठन, उमा अध्यक्ष, नीतू सचिव बनीं

पूर्व अध्यक्ष सोनल बंसल ने नवनिर्मित अध्यक्ष को पदभार सौंपा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा अग्रवाल महिला समिति का गठन किया गया जिसमें निर्विरोध रूप से उमा केडिया पति रवि केडिया को अध्यक्ष बनाया गया। उसके साथ ही सचिव नीतू अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल को चुना गया। महिला समिति के संरक्षक गण संगीता गुप्ता, सुधा बंसल के मार्ग दर्शन में महिला समिति के पूर्व अध्यक्ष सोनल बंसल ने नवनिर्मित अध्यक्ष को कार्य सुपुर्द किया। उसके पश्चात उपाध्यक्ष प्रेम लता बंसल और रजनी बंसल को बनाया गया। कोषाध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल को, सहसचिव कृति अग्रवाल और पायल अग्रवाल, संगठन सचिव चंचल अग्रवाल और रीता अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनीता बंसल,लक्ष्मी बिंद्रल प्रचार सचिव राखी मंगल सुरभि अग्रवाल , सहयोगी सचिव संगीता अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, संगठन सह सचिव सीमा बिंदल अंजु गोयल, संयुक्त सहसचिव श्वेता अग्रवाल और दीक्षा अग्रवाल, प्रचार सचिव सुनीता अग्रवाल और लक्ष्मी गोयल। विशेष सलाहकार में मंजू अग्रवाल, मीना मित्तल, चंद्रा गर्ग, दिशा केडिया रही। इसके साथ ही कार्य कारिणी सदस्य में अनीता अग्रवाल मोनिका अग्रवाल ज्योति मित्तल बबीता अग्रवाल मीनू अग्रवाल ममता मित्तल वंदना अग्रवाल पूजा अग्रवाल रसना केडिया ज्योति गर्ग सुनीता अग्रवाल मनीषा अग्रवाल शीतल अग्रवाल श्वेता बांसल शारदा अग्रवाल रेखा अग्रवाल रत्ना, खुशबू पायल मधुलिका गुप्ता जाहनवी बिंदल मंजू, नेहा अग्रवाल और स्नेहा अग्रवाल बनीं।

सुशासन तिहार से लोगों की बढ़ी उम्मीद

बिल्हा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन कामहत्वपूर्ण अभियान सुशासन तिहार के तहत पूरे प्रदेश में दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुबह 10 से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में आज नगर पंचायत बिल्हा में प्रथम दिवस 15 वार्डो के लिए तीन स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए नगर पंचायत कार्यालय भवन में सिविर लगाया गया। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 6 से 10 के लिए राम सत्ताह चौक वार्ड क्रमांक 6 में सिविर लगाया गया एवं वार्ड क्रमांक 11 से 15 के लिए वार्ड क्रमांक 12 आंगनवाड़ी में शिविर का आयोजन किया गया पहले दिन ही लोगों में इस महत्वपूर्ण अभियान जागरूकता और उत्साह देखने को मिला और जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता ने बढ़ चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया।

सुशासन तिहार

ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सुबह से ही लोग आवेदन देने पहुंचे, सीईओ ने शिविरों का लिया जायजा

समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्य व्यापी ÷सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेझिझक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं। जिला पंचायत बिलासपुर के सीईओ और ग्रामीण क्षेत्रों के नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल ने ने जिले के खजूरी नवागांव, काथाकोनी, हिर्री आदि विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका नहीं जाए। उन्होंने मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। आवेदन का प्रारूप दल के पास उपलब्ध है। जिले के कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, सभी जिला कार्यालय, जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है।

नदारद सीडीपीओ को नोटिस

कलेक्टर अवनीश शरण ने सुशासन तिहार की ड्यूटी से नदारद सकरी की परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्अनुराधा आर्य को शो कॉज नोटिस जारी किया है। सकरी की सीडीपीओ आर्य की ड्यूटी तखतपुर विकासखण्ड के काठाकोनी पेण्डारी क्लस्टर में प्रभारी के रूप में लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान आज सवेरे 10 बजे वे गैरहाजिर पाई गई। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि शासन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गैरमौजूदगी कार्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। शासकीय काम-काज के प्रति उदासीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में यह कृत्य आता है। तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का घोर उल्लंघन है।

सुविचार

क्रोध आने पर चिल्लाने के लिए ताकत की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन क्रोध आने पर चुप रहने के लिए बहुत ताकत लगानी पड़ती है - अज्ञात

शिवसेना यूबीटी पशोपेश में

वक्फ विधेयक को लेकर शिवसेना यूबीटी पशोपेश में पड़ गई है। संसद में जब वक्फ बिल पेश हुआ तो अन्य विपक्षी पार्टियों की तरह शिवसेना यूबीटी के सांसदों ने भी इस बिल का मुखर विरोध किया। शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने राज्यसभा में इस बिल के खिलाफ लंबा भाषण दिया। शिवसेना के सांसदों ने इस बिल के खिलाफ मतदान भी किया बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए संजय राउत ने कहा कि संसद में वक्फ बिल पेश होने के पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे से फोन पर उनका समर्थन मांगा था लेकिन उनकी पार्टी ने इस बिल का समर्थन नहीं किया। संजय राउत के ऐसे बयान के बाद शिवसेना यूबीटी पर भाजपा सहित एनडीए के अन्य पार्टियों द्वारा निशाना साधा गया। सोशल मीडिया पर भी उद्धव ठाकरे के खिलाफ जमकर लोगों ने भड़ास निकाली और यह आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे ने अपने पिता बाल ठाकरे का नाम डूबोकर रख दिया है। सत्ता के मोह में आकर उन्होंने कांग्रेस और शरद पवार के साथ हाथ मिला लिया था और उनकी पार्टी असदुद्दीन ओवैसी के साथ भी खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे ने वक्फ बिल को लेकर भाजपा पर यह आरोप भी लगाया था कि वक्फ कानून लागू करने के बाद भाजपा ईसाईयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक की हिन्दुओं के मंदिरों की जमीन पर भी नजर गड़ाए हुए है। भाजपा इनकी जमीनों को अपने मित्रों को देगी। भाजपा को किसी भी समुदाय से कोई प्यार नहीं है। उद्धव ठाकरे के इस बयान के बाद उन्हें जमकर ट्रोल किया जाने लगा था। शायद इसी से अब उन्होंने सबक लिया है। वक्फ बिल के खिलाफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित आईएनडीआईए में शामिल कई पार्टियों में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और वहां याचिका दाखिल की है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट जल्द ही सुनवाई करने जा रहा है। किन्तु शिवसेना यूबीटी में सुप्रीम कोर्ट में कोई याचिका दाखिल नहीं की है। इस बारे में उद्धव ठाकरे ने स्पष्टीकरण दिया है कि अन्य पार्टियों ने तो याचिका दाखिल कर ही दी है। ऐसे में शिवसेना यूबीटी द्वारा भी याचिका दाखिल करना जरूरी नहीं है। उद्धव ठाकरे के इस बयान के बाद यह अटकलें लगाई जा रहीं है कि वे वक्फ बिल के मामलें में यू-टर्न लेने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, शिवसेना यूबीटी के ही कई नेता और कार्यकर्ता वक्फ बिल पर शिवसेना यूबीटी के निर्णय से नाखुश हैं। मुंबई के कई नेताओं ने शिवसेना यूबीटी से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में उद्धव ठाकरे को अपनी बची खुची शिवसेना में फूट पड़ने की संभावना नजर आने लगी है। जिससे वे वक्फ बिल को लेकर असमंजस में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि शीघ्र ही मुंबई महानगर पालिका के चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में शिवसेना यूबीटी के सामने पहले ही कई चुनौतियां हैं। महाअघाड़ी गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना यूबीटी, कांग्रेस और शरद पवार के बीच पहले से ही खींचतान हो रही है। साथ ही यह भी कयास लगाये लजा रहे हैं कि शिवसेना यूबीटी महाअघाड़ी से अलग होकर अकेले अपने बलबूते पर मुंबई महानगरपालिका का चुनाव लड़ सकती है। ऐसे में यदि वक्फ बिल का शिवसेना यूबीटी द्वारा किए गए विरोध के कारण यदि शिवसेना यूबीटी में असंतोष फैलता है तो इसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। यही वजह है कि अब उद्धव ठाकरे वक्फ बिल को लेकर अनिश्चय की स्थिति में आ गए हैं।

महंगाई की मार से आहत लोगों को बड़ा झटका

देश में पहले ही जनता महंगाई की मार से आहत है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों का घरेलू बजट गड़बड़ाने लगा है। ऐसी स्थिति में जब लोग सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। तब सरकार ने उन्हें एक और बड़ा झटका दे दिया है। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के मूल्य में पचास रुपए की वृद्धि कर दी गई है। यहां तक की उज्जवला योजना के तहत बीपीएल परिवारों को रियायतीं दरों पर मिलने वाले गैस सिलेन्डरों की भी कीमत बढ़ा दी गई हैं। इसके पूर्व दो साल पहले गैस सिलेन्डरों के दामों में पचास रुपए की वृद्धि की गई थी। इस बारे में केन्द्रीय पैट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी कहा है कि अगर दुनिया में तेल और गैस के दाम बढ़ेंगे या घटेंगे तो उसका असर हमारे देश पर भी पड़ेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि इनकी कीमतें बाजार के हिसाब से तय होंगी। रसोई गैस सिलेन्डर में की गई वृद्धि से आम जनता पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। खासतौर पर निम्न मध्यवर्ग के लोगों के लिए रसोई गैस की कीमतों में की गई, यह वृद्धि उनकी कमर तोड़कर रख देगी। केन्द्र सरकार को अपने इस निर्णय पर पुन : विचार करना चाहिए और महंगाई से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए इस वृद्धि को तत्काल वापस लेना चाहिए। वैसे तो केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर भी दो-दो रूपये प्रति लीटर के हिसाब से उत्पाद शुल्क बढ़ दिया है। किन्तु संतोष की बात यह है कि इस बढ़ोत्तरी का आम जनता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसी तरह रसोई गैस की कीमतों में भी एकमुश्त पचास रुपए की वृद्धि पर सरकार को पुनरविचार करना चाहिए। खासतौर पर उज्जवला योजना के गैस सिलेन्डर में की गई वृद्धि तत्काल वापस लेना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

बरगद का पेड़

किसी गांव में बरगद का एक पेड़ बहुत वर्षों से खड़ा था। गांव के सभी लोग उसकी छाया में बैठते थे, गांव की महिलाएं त्यौहारों पर उस वृक्ष की पूजा किया करती थीं। ऐसे ही समय बीतता गया। और कई वर्षों बाद वृक्ष सूखने लगा। उसकी शाखाएं टूटकर गिरने लगीं और उसकी जड़ें भी अब कमजोर हो चुकी थीं। गांववालों ने विचार किया कि अब इस पेड़ को काट दिया जाये और इसकी लकड़ियों से गृहविहीन लोगों के लिए झोपड़ियों का निर्माण किया जाये। गांववालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खड़ा एक वृक्ष बोला- "दादा! आपको इन लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसे स्वार्थी लोग हैं, जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थे, लेकिन आज आपको टूटते हुए देखकर काटने चले हैं।" बूढ़े बरगद ने जवाब दिया- "नहीं बेटे! मैं तो यह सोचकर बहुत प्रसन्न हूँ कि मरने के बाद भी मैं आज किसी के काम आ सकूंगा।" असल बात यह है कि परोपकारी व्यक्ति सदा दूसरों के प्रति करुणा का भाव रखते हैं और उनकी खुशी और उनके सुख में अपना सुख समझते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त : 06:44, चन्द्रोदयः : 14:37, चन्द्रास्तः :28:03, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु :वसंत, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : मघा, योग : गण्ड, प्रथम करण : वणिज (08:32 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:12 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह (07:45 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:53 से 12:44, अमृत काल : 06:13 से 07:55, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:58 से 07:55, रवियोग : 05:58 से 07:55, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:17, गोधूलि मुहूर्त : 18:38 से 19:01, सायाह्न सन्ध्या : 18:40 से 19:47, निशिता मुहूर्त : 23:56 से 24:41, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:08 से 10:44, दुर्मुहूर्त : 08:30 से 09:21, होमाहुति : शनि, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी।

आचार्य श्रीहरि

भारत भी डोनाल्ड ट्रम्प को जवाब देने के लिए आज न कल कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। हिटलर की तरह डोनाल्ड ट्रम्प भी दुनिया को तहस-नहस करने और संहार करने का सपना देखते-देखते खुद भी आत्मघात कर सकते हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी, अमरिकी लोगों के सपने कब्र बन सकते हैं। खासकर दुनिया में अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर होगा, संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमरिकी भूमिका कमजोर होगी। कमजोर और मित्र देशों को टैरिफ हथकंडे से मुक्त करना चाहिए। हिटलर ने जिस तरह से अपने मित्र सोवियत संघ और स्तालिन पर हमला कर अपनी कब्र खोदी थी उसी प्रकार से डोनाल्ड ट्रम्प भी अपनी अराजक और हिंसक टैरिफ वार से अमेरिकी प्रभुत्व की कब खोद रहे हैं। खासकर भारत, जापान और ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों के प्रति डोनाल्ड का टैरिफ रवैया सहनशीलता की श्रेणी में होना चाहिए।

ट्रम्प टैरिफ के कहर से दुनिया हलाकान

विश्व में एक और हिटलर की आहट सुनी जा रही है। एक और हिटलर की आहट को अनसुनी करने वाले घोर संकट को आमंत्रण दे रहे हैं। विश्व मंदी के संकट को जन्म देने वाले डोनाल्ड ट्रम्प आगे भी इसी तरह के हिटलरी कारनामे को अंजाम देते रहेंगे, ऐसी आशंका को खारिज करना मुश्किल है। शायद वह हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं। हिटलर ने युद्ध को अपनी अराजक शक्ति बनायी थी और दुनिया को चैपट करने का काम किया था, असंख्य लोगों का लहू बहाया था।

मारे जाने के पूर्व हिटलर ने दुनिया की मानवता को ऐसी चोट पहुंचायी थी, जिसकी कीमत दुनिया आज तक भुगत रही है। नागाशाकी और हिरोशिमा में आज भी बच्चे भयंकर विकृत जन्म लेते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध और हथियार को अपनी अराजक शक्ति नहीं बना रहे हैं पर उनकी अराजक शक्ति तो आर्थिक हथकंडे हैं। आर्थिक हथकंडों के माध्यम से दुनिया के बाजार को अस्थिर ही नहीं करना चाहते हैं। बल्कि तहस-नहस करना चाहते हैं। उनकी आर्थिक सुधार की नीतियां बहुत ही खतरनाक हैं, अमानवीय हैं और दुनिया के देशों की अस्मिताएं और संप्रभुत्ताओं को रौंदने वाले हैं। वह कैसे? टैरिफ एक ऐसा हथियार है जो बहुत ही घातक है और जानलेवा है। डोनाल्ड ट्रम्प से टैरिफहथियार से न केवल बड़े देश मर्माहत हैं। बल्कि छोटे देश भी मर्माहत हैं और जो संकट ग्रस्त हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था धाराशायी हो सकती है, जिनकी उत्पादक ईकाइयों में मंदी का प्रकोप फैल सकता है। फलस्वरूप ताला लगने का संकट खड़ा हो सकता है। जब निर्यातक इकाइयां मंदी की शिकार होगी और उन्हें केता नहीं मिलेंगे तो फिर उनके सामने बेमौत मरने की स्थिति उत्पन्न होगी। इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिका के मित्र देश भी इस संकट के भागीदार बन रहे हैं।

दुष्परिणम अभी से सामने आने लगे हैं। विश्व मंदी की आहट भी सुनाई देने लगी है। शेयर मार्केट को दुनिया की अर्थव्यवस्था का आईना समझा जाता है, मेरूदंड समझा जाता है। शेयर मार्केट अगर उपर जा रहा है तो यह समझा जाता है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था मजबूत है और गतिशील है, समृद्धि का प्रतीक है, लोग शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए जोखिम लेने से नहीं झिझकेंगे। लेकिन शेयर मार्केट अगर लुढकेगा तो फिर दुनिया की अर्थव्यवस्था में हाहाकार मचना अनिवार्य है। शेयर मार्केट का लुढकने का अर्थ यह है कि दुनिया आर्थिक मंदी की दौर से गुजर रही है, निवेशकों का विश्वास डगमगा गया है, निवेशक अपनी पूंजी मार्केट मे ढकलने और हानि होने का दांव नहीं खेलेंगे, जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं होंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देने वाली कृषि और औद्योगिक इंकाइयों पर पड़ेगा जो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड होते हैं। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश जो अपनी कृषि और औद्योगिक इंकाइयों की समृद्धि के बल पर दुनिया के उपभोक्ता मार्केट पर कब्जा जमाते हैं और अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास की सीढियां चढ़ते हैं। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा उदय इन सबके लिए एक संकट और परेशानी का पर्याय बन गया है।

दुनिया को हाहाकार करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी खतरनाक और जानलेवा नीतियां बार-बार लागू करने का काम किया है। खासकर शेयर मार्केट का धाराशायी होना यह प्रमाणित करता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियां बहुत ही खतरनाक और जानलेवा हैं। अमेरिका, फ्रंस, जापान, चीन और जर्मनी जैसे देशों के शेयर मार्केट में गिरावट देखी गयी है। अमेरिका के शेयर मार्केट में गिरावट को आश्चर्यजनक घटना मानी जा रही है। पिछले सप्ताह अमेरिकी और ब्रिटेन के बाजारों में शेयर सूचकांक पांच प्रतिशत से ज्यादा गिर गये। कोविड माहामारी के बाद अमेरिकी बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट नोट किया गया है। दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के गिरावट भी चिंता के कारण हैं। नुकसान भयानक हुआ है। निवेशकों के अरबों-खरबों डालर डूब गये, निवेशक अर्श से फर्श पर आ गए। इससे अमेरिकी बाजार भी खासे प्रभावित होंगे। जानकर यह बताते हैं कि अमेरिका में भी आर्थिक महंगाई बढ़ेगी और बेरोजगारी का खतरा उत्पन्न होगा। अमेरिका का उपभोक्ता बाजार आयात पर ज्यादा निर्भर है। आययित वस्तुएं जब महंगी होंगी तो फिर अमेरिकी लोगों को उन आयातित वस्तुओं तक पहुंच निर्धारित और सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूंजी खर्च करनी पड़ेगी। इस कारण अमेरिकी नागरिकों को भी अपने बैंक एकांउट की गरीबी का सामना करना पड़ सकता है।

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप के बड़े देशों जैसे ब्रिटेन, फ्रांस के लिए अमेरिका एक संरक्षक के तौर सामने आया था। ब्रिटेन और फ्रांस एक तरह से पराजित ही हो गये थे, सिर्फ हार यानी की आत्मसर्पण की घोषणा बाकी थी। इसी दौरान अमेरिका ने ब्रिटेन और फ्रांस की रक्षा करने का काम किया, इन्हें हिटलर से लड़ने के लिए हथियार दिया, आर्थिक सहायताएं दी थी।

हिटलर की पराजय के बाद यूरोप की सुरक्षा के लिए नाटो जैसा संगठन बनाया। नाटो में यूरोपीय देश के साथ ही साथ अमेरिका भी शामिल है। लेकिन यूरोप के बड़े देश ही नहीं बल्कि छोटे देश भी अमेरिका को लेकर नकरात्मक नीतियां स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। यूरोपीय देश भी टैरिफ वार के शिकार हैं। यूरोपीय देश प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं और प्रतिक्रिया में अमेरिकी वस्तुओं और अमेरिकी विजनों का बहिष्कार करने की घोषण भी कर रहे हैं। यूरोपीय यूनियन के ट्रेड कमिशनर मारोस सपकोविक ने कहा कि हमनें अमेरिकी अधिकारियों से दो घंटे तक बात की है, अपनी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि प्रतिक्रिया का इंतजार करना होगा। यूरोपीय देश भी डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध का जवाब देंगे, इसकी नीतियां वे बना रहे हैं। अमेरिका के दोस्त ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया भी डोनाल्ड ट्रम्प की इस नीति से खफा है और अमेरिका का पक्ष लेने के लिए तैयार नहीं है।

ऐशिया महादेश में तीन देश प्रमुख हैं जो डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ युद्ध की गर्दन मरोड़ सकते हैं। पहला चीन है, दूसरा जापान है और तीसरा भारत है। चीन, जापान और भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही समृद्ध है। चीन भी आक्रमकता छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। जवाबी कार्रवाई चीन ने शुरू कर दी है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। चीन के साझेदार कुछ यूरोपीय देश भी है, अफ्रीकी देशों में चीन की अच्छी पहुंच हैं। इधर जापान भी अपने हितों की रक्षा करने के लिए जवाबी कार्रवाई कर सकता है। जहां तक भारत की बात है तो भारत अभी भी तेल देखो, तेल की धार देखो की नीति पर चल रहा है। अमेरिका से आपसी बातचीत का रास्ता अपनाया है। फिर भी भारत का आतंरिक रोजगार और समृद्धि के अवसरों पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, उसे खारिज नहीं किया जा सकता है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। खासकर कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में भीषण प्रभाव पड़ा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1838 में आज ही के दिन लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई थी। 1945 में 9 अप्रैल के दिन ही यूनाइटेड स्टेट्स एटोमिक एनर्जी कमीशन की स्थापना की गई थी। 1953 में आज ही के दिन वार्नर ब्रदर्स ने 'हाउस ऑफ वैक्स' शीर्षक से पहली 3 डी फिल्म प्रदर्शित की थी। 1955 में 9 अप्रैल के दिन ही अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1957 में आज ही के दिन मिस्र की स्वेज नहर को साफ किया गया और जहाजों के लिए खोला गया था। 1965 में आज ही के दिन भारतीय और पाकिस्तान की सेना के बीच कच्छ के रण में लड़ाई छिड़ी थी।1972 में 9 अप्रैल के दिन ही सोवियत संघ और इराक ने मैत्री संधि पर साइन किए थे। 1988 में आज ही के दिन अमेरिका ने पनामा पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे।1988 में 9 अप्रैल के दिन ही ली पेंग चीन के प्रधानमंत्री बने थे। 1999 में आज ही के दिन नाइजर के राष्ट्रपति इब्राहिम बारे मैनसारा की हत्या हुई थी। 2005 में 9 अप्रैल के दिन ही ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स का विवाह कैमिला के साथ हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर उमर के

हर उमर के जोश निराला कभू खेलौना त कभू माला मयारु बर चूरी-फुंदरी त मोक्ष बर मिरगा-छाला जइसे-जइसे उमर बाढ़थे मन के लोभ घलो बाढ़थे इही ल तो संगी गुनिक मन जीवन के गति कहिथें

-सुशील भोले

बेजुबान कैसे कहें,

बेजुबान कैसे कहें,अपने मन की पीर धरती बनती जा रही,मानव की जागीर जंगल काटे जा रहे,कैसा अत्याचार मूक प्राणियों के लिए,जीना है दुशवार आँख के आंसू देखिये,सुनिए चीख पुकार। ये धरती हर जीव की,सबका है अधिकार उजड़े जंगल पूछते,कहो हमारा दोष। खत्म कर दिये जीव वन,तनिक नहीं है रोष।।

- शालिनी शर्मा

खास पाती | **भरोसा बहुत क़ीमती पूंजी है**

भरोसा बहुत क़ीमती पूंजी है इसे ऐसे ही मत बाँटिए, यह खुद पर रखो तो ÷ताकत÷ और दूसरों पर रखो तो ÷कमजोरी÷ बन जाता है भरोसा सब पर कीजिए लेकिन सावधानी से, क्योंकि कभी-कभी खुद के दांत भी जीभ को काट लेते हैं। -अनिल पांडेय

मेरा यह चैन ले जा , मेरा करार ले जा, पर

मेरा यह चैन ले जा , मेरा करार ले जा, पर कच्ची उम्र का वो पहला खुमार दे जा जिसे पा के कुछ न मांगू तुझे सीने से लगा लूँ दिल में कसक वो दे जा , पहला-सा प्यार दे जा तुमको कसम है मेरी , अहसान इतना कर दे शाम ओ सहर का मुझको वो इंतजार दे जा दिल में वो दर्द दे दे , मेरा गीत हो मुकम्मल दुनियां जो याद रखे मुझे वो अशआर दे जा मेरी रूह को चैन आये और मन भी भीग जाये मुझको तू बारिशों की ऐसी फुहार दे जा - अनुमित्तल

सुनो ना, बहुत कुछ है जो तुमसे कहना

सुनो ना, बहुत कुछ है जो तुमसे कहना चाहती हूं, मगर लफ़्ज़ कम पड़ जाते हैं, और दिलज बस चुप रह जाता है। हर मुलाक़ात में कुछ अधूरी बातें, हर ख़ामोशी मेंएक तेरा नाम रह जाता है। तुमसे कैसे कहूं, कि तुम्हारी हँसी में मेरा सुकून है, कि जब तुम पास होते हो, तो लगता है सब ठीक हो जाएगा।पर हर बार, ये दिल डरता है, गर तुम समझ न पाओ मेरी ख़ामोशियों की ज़बान। तो बस यूं ही हर रोज़, तुम्हें देखती हूं दूर से, और मन ही मनतुम्हें आवाज़ देती हूँ

- रश्मि अभय

उसके सपनों की झीलों में नेह भरा

उसके सपनों की झीलों में नेह भरा हर ओर किनारा। वासंती वासंती सा स्वर कोई गीतों का बंजारा। आकर इंद्रधनुष के रथ पर गीतिल किरणें गातीं पथ पर कहतीं शोख हवा शर्मीली गीतों वाला बादल प्यारा कोई गीतों.. भाव भरे जब, नगमे गाए पलकों पर मोती मुस्काए महक उठा सरगम से चन्दन महका तब ये पतझर सारा कोई गीतों का...कोमल कोमल नवल कहानी आंखों में, गंगा का पानी सब के दिल को ही लगता है ये तो कोई गीत हमारा कोई गीतों का... - अजय कुमार सिंह भदौरिया

पहना है लिबास सभी ने किसी ने महंगा

पहना है लिबास सभी ने किसी ने महंगा तो किसी ने सस्ता किसी ने कम तो किसी ने ज्यादा नया या तो पुरानासाफया मैला सिला हुआ या फ्टा हुआ हर इंसान की अपनी परिस्थिति है अपनी खूबसूरती है जो झलकती है उसके किरदारों में उसकी सादगी में आजकल पहनावे से तय होता है आपका रुतबा सादगी से नही हमारे लिबास से हमे मत आंको हम संवर चुके है दिल से। - सीमा नागर तुली

कुदरत भी जां निसार है भोपाल के लिए

कुदरत भी जां निसार है भोपाल के लिए । मंज़र का आबसार है भोपाल के लिए। कोहे फ़िज़ा , कोलार हो के न्यू मार्केट। हर रंग इफ़्तखार है भोपाल के लिए। उल्फ़त का तार ही नहीं चादर है मुकम्मल द्य एहसास हम कनार है भोपाल के लिए। बेदार झील छोटी-बड़ी जन्नत का दबिस्तां द्य खुशबू का कारोबार है भोपाल के लिए। ये अब्र, आब, बादल, परिंदे ये कहकशां । नीरद एक श्रृंगार है भोपाल के लिए। - विवेक 'बादल' बाज़पुरी

QUIZ TIME

1) मध्यप्रदेश के किस जिले में विजय कुमार इंटरनेशनल ने डायमंड कटिंग एण्ड पॉलिशिंग प्लांट की स्थापना की है?

2) वन्यजीव संरक्षण के संबंध में दिए जाने वाले अमृता देवी राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत कब की गई थी?

3) इस्लाम धर्म अपनाने वाले भीलों को क्या नाम दिया गया है?

4) किस जनजाति के लोगों को औषधियों से संबंधित अच्छी जानकारी होती है?

5) फ्रांस के सबसे कम आयु के प्रधानमंत्री कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) धार (2) 2013 (3) तड़वी (4) बैगा (5) गैब्रियल अटल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आज आप प्रत्येक कार्य को विचार कर ही करेंगे।

वृषः आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा फिर भी आपका मन मौजी व्यवहार अन्य लोगो के लिये मुश्किलें बढ़ाएगा।

मिथुनः आज का दिन आपको लंबे समय तक याद रखने वाली स्मृतियां देकर जाएगा।

कर्कः आज का दिन आपको मिला-जुला फल देगा। प्रातः काल का समय किसी के पुराने मतभेद सुलझाने में व्यतीत होगा परंतु इसमे सफलता मध्यान के बाद ही मिलेगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए बीते दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा।

कन्याः आपको आज का दिन भी धैर्य से बिताने की सलाह है। कार्य में असफलता अथवा किसी व्यक्ति विशेष के कारण आज आवेश से भरे रह सकते है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए हर प्रकार से लाभदायी रहेगा। आज सेहत उत्तम रहने से प्रत्येक कार्य उत्साह के साथ करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए कार्य सिद्धि दायक रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य भर जैसा लगेगा लेकिन एक बार आरम्भ करने पर इससे आशाजनक फल प्राप्त होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। वैसे तो आज आप धर्म कर्म के प्रति निष्ठावान रहेंगे लाभ हानि का विवेक भी रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए थोड़ा उतार चढ़ाव से भरा रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में आपके सब कार्य व्यवहार कुशलता के बल पर सरलता से पूर्ण होंगे।

कुंभः आज का दिन आपको शुभ फल की प्राप्ति कराएगा। स्वभाव से आप मनमौजी ही रहेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु अत्यंत खर्चीला भी रहेगा। व्यक्तिगत एवं पारिवारिक खर्च अधिक रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -012

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, बिभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 011 का हल

संक्षिप्त खबरें

ट्रंप के टैरिफ से देश की अर्थव्यवस्था तबाह होगी

रायपुर/नवप्रदेश। बड़बोले विश्वगुरु की नाकामी की सजा भोगने निवेशक मजबूर, मोदी सरकार के विदेश नीति और आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि ट्रंप के टैरिफ से देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई हैं। मुख्यतः ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार उपकरण, कॉटन फैब्रिक, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्युटिकल उत्पादन पर विपरीत असर स्पष्ट परिलक्षित है। शुक्रवार को बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट केपीटलाइजेशन 40341043 से घटकर आज सोमवार को 38395173 करोड़ पर आ गया। आज चंद मिनटों में ही निवेशकों की संपत्ति में 19.45 लाख की कमी आ गई। बड़बोले विश्वगुरु की नाकामी की सजा भोगने देश के निवेशक मजबूर हैं। सच स्वीकार करने के बजाय अब भी भाजपा के कई नेता अमेरिका के रिवर्स टैरिफ के फायदे गिना रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है मोदी सरकार की आर्थिक नाकामी के चलते डॉलर ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है, रुपया लगातार गिर रहा है, विदेश से होने वाले व्यापार में लगातार गिरावट आ रही है, मोदी सरकार आने के बाद से देश पर कुल कर्ज का भार लगातार बढ़ रहा है, राजकोषीय घाट बढ़ा है, व्यापार संतुलन बिगड़ चुका है, देश के संसाधन और सार्वजानिक उपक्रम बेचे जा रहे हैं, सरकार की कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र के चलते देश की अर्थव्यवस्था बदली की कगार पर पहुंच चुकी है।

सनातन संघ के शरद प्रदेश अध्यक्ष व अभिनव जिला अध्यक्ष निर्वाचित

रायपुर/नवप्रदेश। सनातन शक्ति संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सुभाष द्वारा इंजीनियर शरद शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष , अनिता कुमार को महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष , सत्येंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभिनव भागवत को रायपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इन्होंने संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों को सच्चे मन से संपूर्ण का संकल्प लिया । इसमें गौ रक्षा, वृक्षारोपण, जरूरतमंदों की मदद, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, लैड्क्षगग भेदभाव की रोकथाम, अंधविश्वास पर विराम, महिला शसक्तिकरण, योग कक्षाएं से समृद्ध भारत, राष्ट्र विपदा में हर संभव सहायता, सामाजिक कुरीतियों का खात्मा, हिंदु समाज की गरीब लड़कियों की शादी, भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता, सनातन बोर्ड गठन की मांग आदि शामिल है। शरद शर्मा ने कहा कि युवाओं के जुड़ने से संगठन को जहां मजबूती मिलेगी वहीं दूसरी ओर भारत भी शसक्त होगा। प्रदेशों में इसका विस्तार किया जा रहा है । इसका राष्ट्रीय कार्यालय गाजियाबाद में स्थित है।

हेमचंद यादव विवि दुर्ग से जीतेश्वरी को पीएच.डी. की मिली उपाधि

रायपुर/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा रायपुर की जीतेश्वरी को उनके शोध प्रबंध 'इक्कीसवीं शताब्दी की चुनौतियां और हिंदी कहानी की बदलती हुई संरचना एवं संवेदना का अनुशीलन (किरण सिंह, तरुण भटनागर, उमा शंकर चौधरी, ज्योति चावला और दिव्य विजय की कहानियों के संदर्भ में)' विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। जीतेश्वरी ने अपना यह शोध प्रबंध डॉ. कैलाश शर्मा के निर्देशन में तथा डॉ.अभिनेष सुराना के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के माध्यम से प्रस्तुत किया था।विदित हो कि जीतेश्वरी संपूर्ण हिंदी जगत में एक युवा समीक्षक तथा साहित्य की गंभीर अध्येयता के रूप में में जानी जाती हैं। हिंदी की सुप्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं। अभी हाल ही में उन्हें रजा न्यास दिल्ली द्वारा हिंदी के विख्यात कवि कांत वर्मा पर अपना शोध पेपर प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित भी किया गया था। वर्तमान में जीतेश्वरी छत्तीसगढ़ संवाद में कॉपी राइटर के पद पर कार्यरत हैं।

खम्हारपाकुट मध्यम जलाशय योजना के कार्यों हेतु 5.81 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के विकासखंड-लैलूंगा के अंतर्गत खम्हारपाकुट मध्यम जलाशय योजना के कार्यों हेतु 5 करोड़ 81 लाख 9 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जलाशय योजना के कार्यों में मुख्य नहर जीर्णोद्धार रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य शामिल है। योजना के कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र में 195 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले निगम-मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष

सीएम ने सफल कार्यकाल की दी शुभकामनाएं

रायपुर। सीएम साय से मंगलवार को राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में निगम-मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने मुलाकात की। साय ने सभी अध्यक्षों को नवीन दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। निगम-मंडलों के माध्यम से शासन की अनेक योजनाएं और हितग्राहीमूलक कार्यक्रम जमीनी स्तर तक पहुंचते हैं। उन्होंने सभी अध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ करें। छत्तीसगढ़ की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा और छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार का आगाज

गांव-गांव, शहर-शहर में लगीं समाधान पेटियां

■ सुशासन तिहार को लेकर लोगों में उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार का प्रदेशव्यापी शुभारंभ 8 अप्रैल से हो गया है। तीन चरणों में आयोजित होने वाला यह सुशासन तिहार 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे हैं। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें।

साय मंत्रिमंडल विस्तार को अमरजीत भगत ने बताया झुनझुना...

■ कहा- सिर्फदिखा रहे हैं, दे नहीं रहे

रायपुर। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के बड़े आदिवासी चेहरा अमरजीत भगत इन दिनों अपने अंदाज के लिए खासे चर्चा में हैं। अबकी बार उन्होंने झुनझना बजाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार नहीं, झुनझुना मात्र है। कांग्रेस नेता अमरजीत सिंह भगत ने मीडिया से साय मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर कहा कि सिर्फदिखा रहे हैं, दे नहीं रहे हैं। हमारे पुराने मित्र राजेश मूणत और अजय चंद्राकर को लिस्ट से ही गायब कर दिया गया है। अब नितिन नबीन आएंगे और झुनझुना बजाएंगे। वहीं बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों के समायोजन को लेकर बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लिखे गए पत्र को अमरजीत भगत ने पेपर बम करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ सांसद अग्रवाल का तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा कि जो बहन-बेटियां आग में चल रही है, उनकी समस्या का हाल कौन निकालेगा। सत्ता सिर्फ सुख के लिए नहीं होता।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया ग्रुप में चल रहे मैसेज के अनुसार, साय मंत्रिमंडल का विस्तार 10 अप्रैल को होने जा रहा है। इसमें अलग-अलग वर्गों को ध्यान में रखते हुए तीन नए मंत्री शपथ लेने जा रहे हैं। वायरल मैसेज के मुताबिक, विधानसभा उपाध्यक्ष के साथ-साथ एक दर्जन से ज्यादा संसदीय सचिवों की ताजपोशी भी होगी।

जनता पर मोदी सरकार का दोहरा प्रहार

■ गैस सिलेंडर महंगा, पेट्रोल, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ा

■ क्रूड ऑयल सस्ता फिर भी पेट्रोल, डीजल महंगा, अंधेर नगरी चौपट राजा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि मोदी निर्मित महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। आज एक बार फिर सरकार ने जनता पर महंगाई का दोहरा प्रहार किया है। एक तरफ जहां क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर में आ गया है, दूसरी तरफ मोदी सरकार सेंट्रल एक्साइज में 2 रुपए की बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। पिछले 4 दिनों में अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल 16 परसेंट घटा है लेकिन डीजल, पेट्रोल के दाम कम होने के बजाए बढ़ ही रहे हैं। अंतराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल 65 डॉलर प्रति बैरल के न्यूनतम रिकॉर्ड के आसपास है जो 2014 की तुलना में लगभग आधा है लेकिन इसका लाभ जनता को नहीं देकर केंद्र की मोदी सरकार और तेल कंपनियां अपने जेब में डाल रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में अचानक 50 रुपए की वृद्धि आम जनता के प्रति अन्याय है। उज्ज्वला योजना के नाम पर ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने गरीब जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। केंद्र सरकार के द्वारा रसोई गैस की कीमतों में की गई वृद्धि उज्ज्वला के हितग्राही और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के ऊपर यह अनुचित बढ़ोतरी लागू होगी। मोदी निर्मित महंगाई के चलते उज्ज्वला के 90 प्रतिशत हितग्राही दोबारा अपने गैस सिलेंडर को रिफिल करने की स्थिति में नहीं थे, अब 50 रुपए प्रति सिलेंडर की भारी भरकम बढ़ोतरी से बचे खुचे उज्ज्वला हितग्राही अपना सिलेंडर कैसे रिफिल करा पाएंगे?।

भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव मना

वर्धमान से महावीर बनने के सफर पर आधारित नाटिका में उपसर्गों का हुआ मंचन

रायपुर. भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में सोमवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम के क्रम में आत्म उर्ध्वारोहण की अमर गाथा। महावीर का आयोजन हुआ. नाटिका में वर्धमान कैसे बने महावीर और उन्होंने क्या-क्या उपसर्ग सहन किया। भगवान के जन्म के पहले उनके कर्म और जन्म के बाद उनको क्या-क्या उपसर्ग मिले यह दृश्य मंच पर देखने को मिला और लोग मंत्रमुग्ध हो गए. तेरापंथ महिला मंडल की इस प्रस्तुति को लोगों ने खूब पसंद किया।

भगवान महावीर के अनसुने प्रसंगों पर गीत की प्रस्तुति : हिला मंडल की प्रस्तुति में भगवान महावीर के त्याग को जीवंत किया गया, जिससे वे वर्धमान से महावीर बने. नाटिका और गीत के माध्यम से महिला मंडल में अपने बनाए खुद के गीत ÷भगवान के कृतित्वों का केवल नहीं गुणगान है, यह कथा कैसे बने, महावीर इसका ज्ञान है÷ की प्रस्तुति दी. इस गीत में भगवान महावीर की कथा और उनके अनसुने प्रसंगों का वर्णन किया गया। भगवान महावीर को अपने साधना काल में कई उपसर्गों का सामना करना पड़ा, जिनमें शूलपाणी यक्ष का उपसर्ग, ग्वाले का उपसर्ग और गोशालक का उपसर्ग शामिल हैं। इन सभी उपसर्गों का जीवंत मंचन आज दादाबाड़ी में किया गया। महिला मंडल की ओर से मंगलाचरण, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई और अंतिम में परिषद की महिलाएं और जन्म कल्याणक समिति के पदाधिकारी शामिल हुए. इस दौरान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा आदि मौजूद रहे।पूरे विश्व में 9 अप्रैल 2025 को विश्व नवकार महामंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा एक विशेष भव्य आयोजन का आयोजन किया गया है. यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है, बल्कि मानवता के कल्याण और विश्व शांति की दिशा में एक सार्थक पहल भी है.

विभीषण आज भी हमारे समाज में अस्वीकार्य : ठेंगड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। विभीषण विपरीत परिस्थितियों में अपने परिवार का साथ छोड़कर प्रभु राम के पास चले गए। रावण से हुए युद्ध में उन्होंने धर्म यानी प्रभु राम का साथ दिया।इसके बावजूद आज भी हमारे समाज में विभीषण न केवल अस्वीकार्य है बल्कि गाली व अपमान का सूचक भी है। महाराष्ट्र मंडल में रामनवमी महोत्सव के अंतिम दिन सचेतक रविंद्र ठेंगडी ने विभीषण के पात्र पर इस आशय के विचार रखे। इस मौके पर अरविंद जोशी ने मेघनाथ पर, वैशाली जोशी ने उर्मिला पर, धन पेंडसे ने मंदोदरी पर और संगीता निमोणकर ने सुलोचना के चरित्र का विश्लेषण किया।

ठेंगड़ी ने महाभारत के भीष्म और रामायण के पात्र विभीषण का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए कहा कि भीष्म नीतियों के खिलाफ चलने वाले अंधे राजा धृतराष्ट्र और कौरव पुत्रों के साथ रहे। हर क्षण उन्हें धर्म और न्याय की राह पर चलने की सीख देते रहे। यही कारण है कि आज भी हमारे समाज में अपने परिवार के साथ खड़े भीष्म को उनकी प्रतीज्ञा के लिए याद किया जाता है। आप भी सुख- दुख में परिवार के साथ एकजुट रहें। मेघनाथ के वध पर अहंकार मत करना लक्ष्मणः जोशी

अरविंद जोशी ने कहा कि रामायण में इंद्रजीत एक अद्वितीय योद्धा है, जिनका वध शेषनारायण के अवतार लक्ष्मण ने किया।

युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध किया। एक कथा प्रचलित है कि मेघनाथ की पत्नी सुलोचना लक्ष्मण से कहती हैं कि मेघनाथ का वध आपने किया है, इस अहंकार में मत रहना। उनका वध उर्मिला के पतिव्रत धर्म और नारी का सम्मान न करने वाले रावण का साथ देने के अधर्म के कारण हुआ। जोशी ने कहा कि अधर्म का साथ देने वालों का अंततः यही हश्र होता है।

मौसम...

मुख्यमंत्री साय को पत्र लिखकर की सहायक शिक्षकों को बहाल करने की मांग

बर्खास्त सहायक शिक्षकों के पक्ष में उतरे सांसद बृजमोहन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में समायोजन की मांग कर रहे बर्खास्त शिक्षकों के समर्थन में अब वरिष्ठ भाजपा नेता और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल उतर गए हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शिक्षकों के समायोजन की मांग करते हुए विषय में संवेदनशीलता दिखाने का आग्रह किया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि मई 2023 को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टी-संवर्ग के 5492 व ई-संवर्ग के 793 कुल लगभग 6285 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था. नोटिफिकेशन में तत्कालीन नियमों एवं प्रावधानों के तहत् योग्यता बीएड और डीएड दोनों को रखा गया था, जिसके आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए।

सभी प्रावधानों को पूरा कर चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत योग्यताधारी सहायक शिक्षकों की भर्ती की गई, जिसमें से छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में शासकीय सेवा कर रहे लगभग 2621 शिक्षकों को 16 माह की नौकरी करने के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. ये सभी बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षक मध्यम वर्गीय, बीपीएल परिवार के ही बच्चे हैं. नौकरी से निकालने के बाद इन सबका भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

सांसद ने कहा कि रोजगार छिनने से परिवार पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है. निकाले गए सभी सहायक शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे थे. शासकीय नौकरी मिल जाने के कारण इन सबने अपनी तैयारी छोड़ दी और अब नौकरी से बर्खास्त भी हो गए है।

तकनीकी त्रुटि के कारण शासकीय नौकरी से बर्खास्त किए गए इन युवाओं के परिवारों को भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है और इन परिवारों के समक्ष जीवन-मरण का प्रश्न उपस्थित हो चुका है. नौकरी से निकाले गए सहायक शिक्षक लगातार शिक्षा विभाग मे सहायक शिक्षक के समकक्ष पदों पर समायोजित करने के लिए लंबे समय से आंदोलनरत् है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि शासन, प्रशासन एवं सरकार में बैठे जनप्रतिनिधियों ने भी समय-समय पर इनके प्रकरण पर इन्हें गंभीरता पूर्वक विचार करने व समायोजित करने का आश्वासन भी दिया है, उसके उपरांत भी इस विषय पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-21, राज्य सरकार को दायित्व सौंपता है कि राज्य में किसी भी व्यक्ति का जीवन संकट में नहीं पड़ना चाहिए. 2621 बीएड डिग्रीधारी नियमित सहायक शिक्षकों को बर्खास्त कर देने से इनके परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है. प्रदेश में मिडिल स्कूलों एवं हाई स्कूलों में प्रयोगशाला सहायक के पद बड़ी संख्या में रिक्त है. इन रिक्त समकक्ष पदों पर बर्खास्त शिक्षकों को योग्यतानुसार समायोजित किया जा सकता है.

पंचायत सचिवों ने रैली निकाल मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ की एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला मुख्यालय कोण्डागांव में पंचायत सचिवों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। 18 मार्च से डीएनके कॉलोनी मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने 7 अप्रैल को एक विशाल रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में जनजागरण किया। रैली में जिले के 300 से अधिक पंचायत सचिवों ने भाग लिया और विरोध स्वरूप एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नियमितीकरण पर निर्णय नहीं लिया गया तो अब आंदोलन की दिशा बदलेगी। ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार नेताम ने बताया कि यह मांग कोई नई नहीं है, बरसों से पंचायत सचिव नियमितीकरण की आस लगाए बैठे हैं। लेकिन अब उन्होंने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। आंदोलनकारियों ने बताया कि यदि शासन ने इस बार भी उनकी मांगों की अनदेखी की, तो वे दिल्ली कूच करेंगे और जंतर-मंतर में धरना देंगे।पंचायत सचिवों ने यह भी कहा कि वे वर्षों से पंचायत व्यवस्था को मजबूती देने में जुटे हैं, लेकिन उनका भविष्य अब भी असुरक्षित है। वे चाहते हैं कि उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा मिले, जिससे न सिर्फ उनका भविष्य सुरक्षित हो, बल्कि पंचायत व्यवस्था और भी सशक्त बन सके।

सर्व आदिवासी समाज ने नवोदय में चयनित बच्चों को किया सम्मानित

- **सामाजिक पदाधिकारियों ने परम्परानुसार बच्चों व पालकों को तेल-चावल टीका व गमछा भेंट कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

अंतागढ़।अंतागढ विकासखंड से नवोदय विद्यालय मे चयनित बच्चों के साथ ही एकलव्य मे चयनित बच्चों को सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गोंडवाना भवन अंतागढ़ में सामाजिक रीति नीति से बच्चों व उनके पालको का सम्मान किया गया।वहीं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए बेहतर भविष्य के लिए सामाजिक पदाधिकारियों की तरफ से बच्चों से स्वागत मे मांदरी नृत्य का भो आयोजन किया गया था। ताकि बच्चें भविष्य मे बेहतर शिक्षा के साथ साथ समाज के प्रति भी विचार सार्थक रहे। उन पालकों का भी सम्मान किया गया, जो होनहार बच्चों के साथ गोंडवाना भवन पहुंचे थे। पालकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए बताया की इस बार गोंडवाना भवन में बच्चों को ट्यूशन कराएं थे। उससे भी खूब ज्यादा बच्चों को लाभ मिला। जनपद के अध्यक्ष मनोरमा मण्डावी ने कहा की बेहतर शिक्षा से ही बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है और बेहतर शिक्षा ही समाज के उत्थान मे महत्वपूर्ण होती है। बच्चों के उज्वल भविष्य के कामना करते हुए सभी का बेहतर भविष्य की कामना किये।बच्चों के सम्मान अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष संतराम सलाम ने शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा की शिक्षा को लेकर समाज के तरफसे एक छोटा सा प्रयास कोचिंग का किये थे। जहां से बच्चों को निःशुल्क सारी चीजें बच्चों को उपलब्ध कराएं थे। भविष्य मे भी समाज के तरफ से प्राथमिक शिक्षा को लेकर क्षेत्र मे सामाजिक नवाचार होता रहेगा। बच्चों के बेहतर रिजल्ट के लिए शिक्षक व सभी के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए समाज के तरफसे आभार समाज के बच्चो के बेहतर रिजल्ट के लिए। वहीं बच्चों को प्रेरित करते हुए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने व बड़ा लक्ष्य रखकर आगे बढ़ने व हमेशा माता-पिता की बातों को मानने व पालको को भी बच्चों को पढ़ाई के लिए गंभीर रहने को कहा गया। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पालकों के माता पिता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर घर में घुसने से, 14 वर्षीय बालक की मौत

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के संत सेवालाल चौक के पास रविवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक शैलेश बघेल (उम्र 14 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठा सोहेल खान गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैलेश बघेल अपने साथी सोहेल खान के साथ बिना नंबर की ड्यूक बाइक में सवार होकर तेज गति से बाजार रोड से जा रहा था। तभी संत सेवालाल चौक के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर के मेन गेट से जा टकराई। इस टक्कर से शैलेश बघेल को गंभीर चोटें लगीं। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे सोहेल खान को भी गंभीर चोटें आईं। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल कोण्डागांव में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मर्ग इंटिमेशन दर्ज कर जांच में जुटी है।

सुशासन तिहार 2025 का जिले में सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

नारायणपुर। छत्तीसगढ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 का जिले में सफ्ल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गौतम चंद पाटिल और अभयजीत मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है।

शासकीय बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर गरांजी में शिक्षा सत्र 2025-26 में नवीन प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर। जिले में संचालित विशिष्ट संस्था, 500 सीटर शासकीय बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर गरांजी में शिक्षा सत्र 2025-26 में नवीन प्रवेश हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं कक्षा 11वीं प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। कक्षा 6वीं में 70 कक्षा 9वीं में 25 एवं कक्षा 11वीं 16 (वाणिज्य संकाय) वर्तमान में सीट रिक्त है। रिक्त सीटों पर भर्ती हेतु प्रवेश चयन परीक्षा कक्षा 6वीं, में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में । एवं ठ ग्रेड के छात्राएँ एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु कक्षा 8वीं में । एवं ठ ग्रेड प्राप्त छात्राएँ आवेदन पत्र 07/04/2025 से संबंधित संस्था से 30 मई 2025 तक कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं तथा भरे हुए आवेदन पत्र संस्था में 30 मई सांय 5 बजे तक जमा किया जा सकता है।

सुशासन तिहार में आमजनों की मांग एवं समस्याओं का होगा शीघ्र निराकरण

- **तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार का आयोजन**

नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याण और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह अभिनव पहल नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान भी करेगी ही बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी समीक्षा और प्रशासन तथा जनता के बीच सशक्त संवाद को भी साकार करेगी । आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर नारायणपुर प्रतिष्ठा ममगाई ने आज जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के लिए सभी ग्राम पंचायतों में शिकायत पेटी लगाई जाए ताकि लोगों मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन आसानी से शिकायत पेटी में कर सके।इस विशेष तिहार का पहला चरण आवेदन संग्रहण÷ का है, जो आज 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इसमें ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, हाट-बाजारों और कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनसामान्य से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक स्थल पर समाधान पेटियाँ लगाई गई है, जिसमें आम नागरिक बिना संकोच से अपनी समस्याएं लिखकर शिकायत पेटी में डाल रहे हैं दूसरे चरण में।

दूसरे चरण में समाधान की प्रक्रिया शुरू होगी, जो एक माह तक चलेगी। प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिनका एक विशिष्ट कोड के साथ पावती प्रदान की जाएगी। उसके बाद संबंधित विभागों को आवेदन भेजे जाएंगे और एक माह के भीतर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

तीसरा और अंतिम चरण समाधान शिविरों का है, जो 5 मई से 31 मई 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक 6 से 15 पंचायतों के मध्य ये शिविर आयोजित किया जा रहा है। जहां अधिकारियों की उपस्थिति में मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है । नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार के शिविर लगाए गए हैं, जिससे शहरों के नागरिक भी इस पहल का लाभ उठा रहे है।

यह आयोजन जनसेवा को समर्पित एक ऐतिहासिक अवसर होगा। जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा भी अधिकारियों से परस्पर समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया गया है। यह अभियान न केवल नागरिकों के प्रशासन में विश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और संवेदनशीलता को भी मजबूत करेगा। प्रत्येक समाधान शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी वितरित किए जा रहे हैं। खंडस्तरीय प्रभारी अधिकारी, अनुभाग, विकासखंड तथा जिला स्तर के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर आवेदनों को एकत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे यह पहल और अधिक जनोन्मुखी बन सके।

स्वयं मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी कुछ शिविरों में शामिल होंगे तथा वहां आवेदकों से भेंटकर उनकी समस्याओं और निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

सुशासन तिहार 2025 एक ऐसा अभिनव प्रयास है, जो शासन और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करने का प्रयास किया जा रहा है , समस्याओं के शीघ्र समाधान को सुनिश्चित करने और लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करने का कार्य करेगा। यह पहल जिले को सुशासन की दिशा में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का हो रहा समग्र विकास : प्रशांत सिंह ठाकुर

जांजगीर। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार समग्र विकास कर रही है। प्रदेश में नित नए विकास कार्य हो रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश के लिए रेल का खजाना खोला है।

प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी श्री प्रशांत सिंह ठाकुर जी ने बताया कि पीएम श्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 18,658 करोड़ रुपये की लागत वाली चार रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें 8,741 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ में 615 किमी की रेलवे लाइन बिछाने में खर्च होंगे।

खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा नई रेल लाइन -श्री ठाकुर जी ने बताया कि रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा के बीच नई रेल लाइन प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे राज्य में रेलवे की कनेक्टिविटी बदलने वाली है। 8,741 करोड़ रुपये की लागत वाला ये प्रोजेक्ट रेलवे के टॉप 10 प्रोजेक्ट में शामिल है।

जांजगीर चांपा को भी मिलेगा लाभ : श्री ठाकुरः प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि खैरागढ़ से परमलकासा तक नई रेलवे लाइन, बिलासपुर और रायपुर बाईपास से गुजरते हुए छत्तीसगढ़ को सीधे महाराष्ट्र से जोड़ेगी। इस रेलवे लाइन के बनने से बलौदाबाजार तक ट्रेन की पहुंच हो जाएगी। इससे सीमेंट फैक्ट्रियों सहित नए उद्योगों की स्थापना हो सकेगी। यह रेलवे लाइन रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदाबाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगाव को भी जोड़ेगी।

जांजगीर-चाम्पा जिले की धार्मिक नगरी शिवरीनारायन इस रेल लाइन के माध्यम से सीधे राजधानी से जुड़ेगी। : श्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का प्रदेश को सौगात देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को प्रदेश में विकास की गति बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया है।

जिले में पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 अप्रैल तक

कोंडागांव। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उदेश्य से जिले में 卐पोषण पखवाड़ा 2025卐 का आयोजन 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक जिले में भी किया गया है।पोषण पखवाड़ा के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सी-मैम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता बढ़ाई जा रही हैइसके अतिरिक्त कुपोषण मुक्ति के लिए जनजागरूकता, संवेदीकरण तथा विविध समुदाय-आधारित गतिविधियों का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण भी, पढ़ाई भी卐 गतिविधियाँ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर जागरूकता, स्व-सहायता समूहों की बैठकें, खेलकूद, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, अन्नप्राशन एवं योग शिविर, स्थानीय मिलेट-आधारित परंपरागत खाद्य पदार्थों का प्रचार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डायरिया प्रबंधन एवं एनीमिया उन्मूलन जैसी गतिविधियाँ शामिल कर जागरूक किया जा रहा है।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन पर दावा-आपत्ति का 23 अप्रैल को अंतिम दिन

कांकेर । छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ-15-11/15-02/2025/24/1074, दिनांक 02 अप्रैल 2025 को प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025 के क्रियान्वयन संबंधी प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। उक्त योजना के क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप जिला कांकेर में 16 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आ रही है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्य, सोसायटियाँ एवं बैंक शाखा तथा अन्य द्वारा 08 अप्रैल 2025 से 15 दिवस के समयावधि में 23अप्रैल 2025 तक दावा आपत्ति कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला कांकेर (छ.ग.) के समक्ष तीन प्रतियों में प्रस्तुत की जायेगी। पुनर्गठन योजना की विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति के कार्यालय, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा (समस्त) जिला कांकेर, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर प्रक्षेत्र कांकेर एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला कांकेर (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा की गयी है।दावा आपत्तियों के निराकरण से असंतुष्ट होने पर 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं जगदलपुर संभाग बस्तर, पानीग्राही वकील का मकान मैत्री संघ गली के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

मरका पडूंम के समापन में पहुंचे सीएम साय

- **कहा- माओवाद को अगले एक साल में जड़ से समाप्त करने का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा**

कांकेर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांकेर के ग्राम भिरावाही में गोंडवाना समाज द्वारा आयोजित मरका पंडुम (चैतरई महापर्व) के समापन अवसर पर आज शाम को सम्मिलित हुए, जिसमें उन्होंने गोंडवाना समाज के आराध्य बूढ़ादेव और आंगा देव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा तथा उन्होंने तेंदू, चार, चिरौंजी, महुआ और आम फ्ल का अर्पण किया। भिरावाही के गोंडवाना भवन परिसर में आयोजित मरका पंडुम के समापन अवसर पर समाजजनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गोंडवाना समाज का काफी समृद्धशाली इतिहास रहा है। मरका पण्डुम पर्व में नए फ्लों, फ्सलों का अर्पण अपने देवी-देवताओं की परंपरा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बड़े बुजुर्गो ने संस्कृति बनाई है, उसे अक्षुण्ण रखते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज को शिक्षित होने पर जोर देते हुए बच्चों को पढ़ाने के लिए सबको आगे आने तथा जागरूक होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू हैं, जो केंद्र सरकार की ऐतिहासिक पहल है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति का तेजी से विकास हुआ है, वहीं प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने के नित नए अवसर मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में आईआईएम, आईआईटी, ट्रिपल आईटी जैसी उच्च संस्थाएं स्थापित हुई हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बबोधन में आगे कहा कि केन्द्र के सहयोग से प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर का कलंक नक्सलवाद जड़ से खत्म करने का काम किया जा रहा है।

प्रथम पेज का शेष

मनरेगा के नाम पर बड़ा खेल, ...

बाउंड्री वॉल निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। शिकायत होने के बाद मामले को दबा दिया गया, लेकिन अब जाकर कार्य शुरू किया गया है। इससे पहले की स्थिति और अब किए जा रहे कार्य में कई सवाल उठ रहे हैं।

पंचायत पर मेहरबान अधिकारी

ग्राम पंचायत पटवाही में अधिकारी मेहरबान है, बाकी दर्जनों पंचायत में तो मजदूरों तक का काम नहीं है, जबकि यहां तो सबसे ज्यादा मटेरियल का काम है, जिसमे गैबियन, पुल, बोल्डर के कार्य है।

भाजपा की बड़ी बैठक...

जगदीश (रामू) रोहरा ने बताया कि शिवप्रकाश 9 अप्रैल को सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक महामंत्रियों की बैठक लेंगे। इसके बाद 10.30 से दोपहर 12.30 तक निगम, मंडल और आयोगों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की बैठक लेंगे। दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक भाजपा के सभी मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों की बैठक लेंगे। दोपहर 3 से 4.30 बजे तक नगरीय निकायों के महापौर-सभापतियों, अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के साथ ही जिला पंचायतों के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की बैठक लेंगे।

हरियाणा की तर्ज पर कैबिनेट का विस्तार

हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। लिहाजा, हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाए जा सकते हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ बनने के बाद से 13 मंत्री ही बनते आ रहे हैं। जबकि नियम के तहत विधायकों की संख्या के 15 प्रतिशत ही मंत्री बन सकते हैं। नियम के मुताबिक, 90 विधायकों में 13.5 मंत्री बन सकते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री भी हो सकते हैं।

मैराथन बैठकों के बाद ...

उपाध्यक्षों की वजह से ये घोषणा अब तक टलती रही है।

अब ऐसा हो सकता है ...

श्याम बिहारी जायसवाल-स्वास्थ्य मंत्री,रामविचार नेताम-आदिम जाति कल्याण मंत्री, लक्ष्मी राजवाड़े- महिला बाल विकास मंत्री हैं।

'राज्यपाल का विधेयकों को ...

राष्ट्रपति के पास विचार करने के लिए भेज सकते हैं। राज्यपाल दूसरी बार राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजने की बात कहकर विधेयक को नहीं रोक सकते। राज्यपाल को दूसरी बार में विधेयक को मंजूरी देनी ही होती है, लेकिन बस दूसरा विधेयक पहली बार के मुकाबले अलग होना चाहिए।

'राज्यपाल की शक्तियां संसदीय लोकतंत्र के अनुसार होनी चाहिए'

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल आरएन रवि पर 10 विधेयकों को रोककर रखने का आरोप लगाया था। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 10 फ्रवरी को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को फैसला देते हुए न्यायालय ने ये भी कहा कि राज्यपाल ने जिन 10 विधेयकों को रोककर रखा है, उन्हें उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा इन विधेयकों के दूसरे राउंड को पारित करके राज्यपाल के पास भेजेंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर नहीं कर रहे, लेकिन राज्यपाल की सारी कार्रवाई संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए।

'अदालतों को नैतिक पुलिसिंग ...

लगाने का सवाल ही नहीं उठता। न्यायालय ने अपीलकर्ताओं को बरी कर दिया, लेकिन जुर्माना लगाया। न्यायालयों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।'

आरबीआई का रुख ...

यह वैश्विक व्यापार युद्ध किस हद तक फैल सकता है, यह स्पष्ट नहीं है। इस साल भारत में मौद्रिक नीति को वित्त वर्ष की तुलना में ज्यादा काउंटर-साइक्लिकल होने के कारण भारी काम करना पड़ सकता है। भारत के लिए ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट से जुड़े व्यवधानों और रियल सेक्टर की मार दोनों से प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं।卐

गांधी और पटेल की ...

बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया। इस सम्मेलन में सभी प्रदेशों के पीसीसी अध्यक्ष, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री कांग्रेस विधायक दलों के नेता, नेताप्रतिपक्ष और सभी राज्यों के कांग्रेस प्रभारी व सहप्रभारी सहित देशभर से 1700 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस सम्मेलन में संगठन, सृजन और जवाबदेही पर फोकस किया जाएगा। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक शुरू होने से पूर्व पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस सम्मेलन में राष्ट्रीय राजनीति की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन से देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी।

कार्यसमिति की बैठक के पूर्व गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष हीराभाई जेटवा ने दैनिक नवप्रदेश के साथ चर्चा करते हुए बताया कि गुजरात गांधी और पटेल की धरती है और आज इस समय कांग्रेस जिस संक्रमण काल से गुजर रही है उससे उभरने के लिए कांग्रेस पार्टी ने गांधी और पटेल की धरती को चुना है जो गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए गर्व की बात है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इस सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी पुरी ताकत झोक दी है। गुजरात में भले ही विधानसभा चुनाव दो साल बाद होगा लेकिन गुजरात के कांग्रेसी इस सम्मेलन के बाद से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे और गुजरात में अगली सरकार कांग्रेस की बनाएंगे। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद शाम को साबरमती रिवर फ्रंट में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 9 अप्रैल को इसी रिवर फ्रंट पर कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा।

कांग्रेस को मजबूत करने का किया काम

श्री खरगे ने मंगलवार को यहां शाहीबाग में सरदार पटेल स्मारक परिसर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के लिए बने विशाल सभागार में अधिवेशन की पहले दिन आज पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरदार पटेल कांग्रेस की विरासत है और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार : उन्होंने कहा गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल- ये सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। गांधीजी के नेतृत्व में चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा और उसने गांव-गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में ठीक वैसे ही मदद की जैसे गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली सत्याग्रह चला।

150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएँगेः श्री खरगे ने कहा इस साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलज की 150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएँगे। पंडित नेहरू उन्हें 'भारत की एकता का संस्थापक' कहते थे। जब सरदार पटेल कांग्रेस अध्यक्ष थे तो उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए वह भारतीय संविधान की आत्मा है। सरदार पटेल संविधान सभा की महत्वपूर्ण 'मूल अधिकारों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासी एरिया समिति के अध्यक्ष थे।

सरदार पटेल और पंडित...

जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं।

■ न्यूज गैलरी

युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर पहुंचे दंतेवाड़ा,भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दंतेवाड़ा । युवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों ने युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तोमर जिलापंचायत सभागार में आयोजित युवा आयोग के कार्यक्रम में शामिल हुए । युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन कर सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,जिलापंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर,धीरेन्द्र प्रताप,मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, खिरेन्द्र ठाकुर,मनीष सुराना,कुलदीप ठाकुर,सुमित भदौरिया,युवा मोर्चा जिला महामंत्री द्वय कृष्णकांत शिवहरे,राघवेंद्र गौतम, युवा मोर्चा जिला अभिशेख राठौर,उपाध्यक्ष अमन प्रताप सिंह,राजा पांडे,जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली,वीरेश मिश्रा,मोहन ठाकुर ,साजन गौतम, राजेश बोरबन, अजय अवस्थी,भूपेंद्र निर्मलकर,निखिल नाग, सोमडू कोर्राम, लक्ष्मी यादव,गौतम भाटी,डे नारायण,सुजीत सिंह,बृजेश राणा,शिव,वेणु शंकर नेताम,आर्यन शर्मा,बालकृष्णा,चंद्रकांत स्वाई,सूरज ठाकुर,राजेश सुराना,अनीश जार्ज,सुमित ओयामी,नीलेश समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं युवा साथी भारी संख्या में उपस्थित हुए।

रामनवमीं पर हुआ भव्य भंडारा एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन

नारायणपुर। नारायणपुर जिले में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत् 2082 में रामनवमीं के अवसर पर इस बार भक्तों ने भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली। भारतीय संस्कृति को मानने वाले समस्त सनातनी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वनवासी सभी ने मिलकर इस यात्रा को का आयोजन एवं तैयारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं सनातन धर्म मंच जिला नारायणपुर के नेतृत्व में आयोजन की रूपरेखा और तैयारी की। जिसमें नगर की साजसज्जा और नगर को भगवामय बनाने का भार बजरंग दल ने अपने युवा कंधों पर उठाया। इस भूमिका को बजरंग दल ने भरपूर निभाया नगर के सभी चौक चौराहे, सड़क और गलियों को भगवा झंडों से आच्छादित कर दिया गया। एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम÷ के उद्घोष से नारायणपुर की गलियां रविवार इस अवसर पर को गूंज उठी। अवसर था रामनवमीं शोभायात्रा का। इस दौरान शहर में निकली शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए युवा, महिला व बच्चे, भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। वही शोभायात्रा में शामिल भगवान श्री राम रथ आकर्षण का केन्द्र रही। आयोजन बखरूपारा स्थित बजरंग कला मंदिर से यात्रा शोभा यात्रा आरंभ हुई एवं मुख्य मार्ग होते हुए जगदीश मंदिर राजीव चौक सोनपुर रोड चांदनी चौक एवं जय स्तंभ चौक मैं बने श्री राम झांकी में श्री राम स्तुति की गई तथा शहर के पुराने बस स्टैंड से घूम कर श्री राम मंदिर मुख्य मार्ग में यात्रा का समापन हुआ। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं सनातन धर्म मंच ने भक्तों के लिए भोजन भंडारा का आयोजन प्रातः से ही जगदीश कला मंदिर के प्रांगण में रखा था जिसमें भक्तों के लिए खिचड़ी प्रसाद एवं हलवे का प्रसाद वितरण किया। इस आयोजन के लिए नगर प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं समस्त सनातन धर्म मंच के सभी हिंदू समाज ने अपना योगदान दिया जिसके कारण श्रीराम नवमी के अवसर पर पूरे जिले का माहौल भक्ति मय रहा। यात्रा में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए युवकों और युवतियों के लिए अलग-अलग साउंड सिस्टम डीजे की व्यवस्था की गई थी।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति प्रभु जैन द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर कांकेर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में निवासरत महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती जैन के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध कानूनी, चिकित्सकीय और परामर्श सेवाओं का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे पीड़ित महिलाओं को पूर्ण सहायता प्रदान करें। यह केंद्र संकट की स्थिति में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहारा देने वाला स्थान है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव द्वारा निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बताया गया, साथ ही दहेज प्रताड़ना एवं इससे जुड़े अपराध और कानूनी सहायता एवं सजा के प्रावधानों की भी जानकारी इस दौरान दी गई।

आमजनता की समस्याओं से अवगत होने आज से लिए जा रहे आवेदन

■ सुशासन तिहार का हिस्सा बनने कलेक्टर ने की जिलेवासियों से अपील

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आमजनता की समस्याओं से अवगत होने जिले में 'सुशासन तिहार-2025' का आयोजन किया जा रहा है, जो आज से 31 अप्रैल तक तीन चरणों में किया जाएगा। इसके पहले चरण का आगाज आज से शुरू हुआ। जिसके तहत 11 अप्रैल तक आवेदकों के द्वारा उनकी मांगों व शिकायतों से संबंधित प्रपत्र निर्धारित प्रारूप में समाधान पेटी में डाला जाएगा। जिले के कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को आवेदन पत्र में लिखकर समाधान पेटी में डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर का भी उपयोग किया जा सकता है। कलेक्टर ने आगे यह भी बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण में आमजनता की समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी 05 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आवेदकों को उनके आवेदनों की यथासंभव समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

निराकरण की गुणवत्ता परखने राज्य स्तर के मंत्रीगण एवं आला अधिकारी भी शिविर स्थल में पहुंचेंगे। कलेक्टर क्षीरसागर ने पुनः जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे सुशासन तिहार का हिस्सा बनकर अपनी विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का समाधान करा सकते हैं।

नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आकर हाईवा चालक गंभीर रूप से जख्मी

नारायणपुर। रविवार को संतोष पोयम पिता चमरू राम पोयम उम्र करीबन 20 वर्ष निवासी ग्राम सोनाबाल मरूमपारा जिला कोण्डागांव हाईवा वाहन से रोड निर्माण कार्य में गिट्टी लेकर कुतुल से आगे पदमकोट की ओर जा रहा था तभी टेकरी/चढ़ाव के पास चालक द्वारा गाड़ी खड़ा कर नीचे उतर कर सड़क से अन्दर पैदल जाते समय अचानक नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट का हुआ। जिसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। संतोष पोयम का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे घायलावस्था में तत्काल उपचार हेतु नारायणपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर किया गया है। लगातार नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से प्लान किए गए नक्सल आईईडी के चपेट में आने से ग्रामीणों के मृत्यु और घायल होने के घटनाएं हो रही है। बीते दो दिन पूर्व ग्राम जड्डा-मरकूर के जंगल में फूल झाड़ू तोड़ने गए कानागांव के दो ग्रामीण का नक्सली आईईडी के चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत एवं दूसरे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए थे। सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इस साल 15 से अधिक आईईडी बरामद किया गया है। क्षेत्र से सर्चिंग व आईईडी डिटेक्शन की अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार (भा.पु.से.) ने उक्त घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील किया गया कि- क्षेत्र में आईईडी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देवें। ताकि समय रहते आईईडी को निकाला जा सके जिससे सुरक्षा बल, ग्रामीणों, विकास कार्य में लगे कर्मचारियों, शासकीय सेवको एवं वन्य प्राणी को जान माल की हानि होने से बचाया जा सकें। आईईडी की सही जानकारी देने व बरामद करवाने वाले व्यक्तियों को 5,000 रुपए तक की राशि ईनाम में दी जाएगी एवं उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

- कुतुल और कैम्प बेड़माकोटी के बीच जंगल में हुई घटना
- घायल संतोष पोयम पिता चमरू पोयम ग्राम सोनाबाल कोण्डागांव के हैं निवासी
- रोड निर्माण कार्य में हाईव वाहन में गिट्टी लेकर कुतुल-पदमकोट की ओर गया था चालक
- इसके पूर्व दो दिन पूर्व नक्सल आईईडी के चपेट में आने से कानागांव निवासी एक ग्रामीण की मौत व दूसरा ग्रामीण हुए थे घायल
- घायल चालक का नारायणपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर ईलाज हेतु हॉयर सेंटर रेफर किया गया

मासूम की रेप व हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने सीएम का फूंका पुतला

कांकेर। बीते दिन दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून-व्यवस्था सहित गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री का पुतला दहन किया।

जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी लोमेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले में मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि इस घटना ने प्रदेश सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है, प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलायें और बच्चे लगातार लचर क़ानून व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं महिलाओं और बच्चों पर दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार का क़ानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है इसलिए प्रदेश की भाजपा सरकार के गृह मंत्री विजय शर्मा को राज्य में हो रही दुष्कर्म की घटनाओं की नैतिक ज़िम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिये। प्रदेश की भाजपा सरकार भयमुक्त वातावरण देने में पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है।सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है,अपराधी बेखौफ़बेलगाम है भाजपा की सरकार नशाखोरी और भ्रष्टाचार में मस्त है।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष यासीन कराणी, शहर अध्यक्ष मनोज जैन, जिला कार्यालय प्रभारी लोमेन्द्र यादव, इसहाक अहमद, चंद्रलोक ठाकुर, मुकेश तिवारी, अजय भाषवानी, कमल नागवंशी, मतीन खान, दिलीप नाग, तारस सिन्हा, यास्मीन खान, रोशन आरा, अमित साहू, निरंजन लाटिया आदि उपस्थित थे।

जय-जय श्रीराम के जयकारे से भक्तिमय हुआ नगर, डीजे व धुमाल पर झूमते रहे श्रद्धालु

श्रीरामपथ समिति और नव उत्सव समिति के द्वारा मनाई गई धूमधाम से रामनवमीं

अंतागढ़। रविवार को नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर श्री रामपथ समिति तथा नवउत्सव समिति द्वारा मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम जी के जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही नगर के राजीव गांधी चौक से मद्रासी पारा तक भगवा रंग सजा हुआ था। वहीं हृदय स्थल गोल्डन चौक को भी सजा कर प्रभु श्रीराम की तस्वीर रखी गई थी। ऐसा लग रहा था मानो भगवान श्रीराम नगर में उतर आए है। पूरा नगर भक्तिमय हो गया दोनों समिति के सदस्यों ने देर रात्रि शोभायात्रा निकाली एक और जहां श्रीराम पथ समिति द्वारा नगर पंचायत अंतागढ़ के सामने स्थित शिवमंदिर में पूजा-अर्चना कर डीजे की धुन पर और बस्तर के प्रसिद्ध नृत्य मादरी नृत्य के कलाकारों के साथ उन्मुक्त खेल मैदान के पास पहुंचा, वहां से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें युवाओं द्वारा जोश और हर्ष उल्लास के साथ झंडा लहराते डीजे की धुन पर नाचते रहे। वहीं बात किया जय नवउत्सव समिति अंतागढ़ की तो वह भी नयापारा स्थित शिव मंदिर से घुमाल पार्टी के संग रथ में बैठे रामजी,सीतामाता, लक्ष्मण के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जय जय श्री राम की जयकारा के साथ महिलाएं पुरुष बच्चे झूमते नजर आए इस शोभायात्रा में जिसमें सासंद भोजराज नाग, अध्यक्ष नगर पंचायत अंतागढ़ राधेलाल नाग और श्रद्धालु गण शामिल हुए हैं। दोनों समिति की शोभायात्रा राजीव गांधी चौक में एकत्रित होकर अपने डीजे, धुमाल में ताल से ताल मिलाकर नगरवासियों को सारोबार किया। जहां धूमाल पार्टी से आए रामभक्त हनुमान आकर्षक का केंद्र रहा सभी हनुमान जी के साथ श्रीराम भक्ति में डूबे रहे। वहीं आग के गोले का करतब दिखा रहे युवाओं ने भी सब का मन मोह लिया। तत्पश्चात सभी गोल्डन चौक में श्रीराम भगवान की महाआरती कर पुण्य का भागीदार बने। वहीं सभी को प्रसाद वितरण किया गया

सरकारी स्कूल की जर्जर स्थिति, बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर

नारायणपुर। शासन प्रशाशन शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं चला तो रही है लेकिन नारायणपुर जिले में ऐसे योजनाओं केवल पेपर पर ही चल रही है जमीनीस्तर की कहानी कुछ और ही है जब स्कूल बदहाल हो तो बच्चे कैसे पढ़ेंगे और कैसे आगे बढ़ेंगे और कैसे अपना भविष्य गढ़ेंगे। आज हमें इसलिए कहना पड़ रहा है कि ऐसा ही एक मामला नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड में ग्राम कंदाडी का है, एक तरफ प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है कंदाडी प्राइमरी स्कूल के बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ाई करने की मजबूर हैं। पिछले2-3 सालों से यह बच्चे स्कूल छोड़ पेड़ के नीचे पढ़ाई कर रहे हैं। सरकारी स्कूल की स्थिति काफी खराब है। छत से प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है छत की लोहे की राड दिखाई दे रही है कभी भी हो सकता था हादसा, गांव वालों ने इसकी शिकायत ग्राम सभा ग्राम बैठक पंच सरपंच और कलेक्टर से भी शिकायत की पर आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पाई। इन सब का जिम्मेदार कौन अधिकारी बेखबर या जानकार भी है अंजान या किसी अनहोनी घटना का हो रहा है इंतजार।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के पहले चरण में अधिकाधिक आवेदन प्राप्त करने के दिए निर्देश

बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते रहने के दिए दिशा-निर्देश

कांकेर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन आज से 31 मई तक तीन चरणों में किया जाएगा। इसके प्रथम चरण में आज से 11 अप्रैल तक जिले के आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर समाधान पेटी में डाला जाएगा।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के अधिक से अधिक आवेदकों को उनकी मांग व समस्याओं से संबंधित आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर समाधान पेटी में अनिवार्यतः जमा कराएं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में समाधान पेटी अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कार्यालयः- नगर पंचायत बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं-07752-259219 | ई- मेल-cmobilha@gmail.com

क्रमांक/43/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 | बिल्हा, दिनांक 07.04.2025

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि- 21/04/2025 समय 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि- 22/04/2025 समय 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 29/04/2025 समय 4.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि- 29/04/2025 समय 4.30 बजे से

क्र.	कार्य विवरण	वार्षिक निविदा/मद	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि टीडीआर में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	जलप्रदाय सामग्री आपूर्ति (सूची अनुसार)	वार्षिक निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26	9.50 लाख	9000/-	750/-	वित्तीय वर्ष 2025-26
2.	विद्युत संधारण सामग्री (ISI) मार्ग (सूची अनुसार)		9.50 लाख	9000/-	750/-	--,,--
3.	मोटर पम्प प्रदाय एवं मरम्मत (सूची अनुसार)		8.00 लाख	8000/-	750/-	--,,--
4.	सफाई संधारण सामग्री (सूची अनुसार)		3.00 लाख	3000/-	750/-	--,,--
5.	स्टेशनरी सामग्री प्रदाय (सूची अनुसार)		2.00 लाख	2000/-	300/-	--,,--
6.	टेंट सामग्री किराये से प्रदाय (सूची अनुसार)		5.00 लाख	5000/-	750/-	--,,--
7.	जे.सी.बी. किराये से प्रदाय (प्रतिघंटा)		2.00 लाख	2000/-	300/-	--,,--
8.	नगर पंचायत कार्यालय का वाहन मरम्मत (सूची अनुसार)		3.00 लाख	3000/-	750/-	--,,--
9.	नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत मृत मवेशी हटाने हेतु (प्रति मवेशी)		2.00 लाख	2000/-	300/-	--,,--
10.	डब्ल्यू.टी.पी. में एलम्, क्लोरिन सामग्री प्रदाय हेतु (सूची अनुसार)		9.00 लाख	9000/-	750/-	--,,--
11.	वार्ड क्र. 05 सामुदायिक भवन निर्माण (कबीर कुटी के पास)	विधायक निधि	4.99 लाख	4000/-	750/-	03 माह
12.	वार्ड क्र. 14 सामुदायिक मंच निर्माण (महामाया चौक के पास)	विधायक निधि	3.00 लाख	3000/-	750/-	03 माह

नियम एवं शर्तेः- 01 निविदा पत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।
02 निविदा संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय/दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, बिल्हा

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **21.04.2025**, (17:30 बजे) तक आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. 166358 नि.सू.क्र. 20/वलेलि/2024-25 दिनांक 28.03.2025	कुनकुरी व्यपवर्तन योजना का नहर मरम्मत एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य।	रु. 256.87 लाख
सि.नि.क्र. 166403 नि.सू.क्र. 21/वलेलि/2024-25 दिनांक 28.03.2025	महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य।	रु.539.72 लाख
सि.नि.क्र. 166408 नि.सू.क्र. 22/वलेलि/2024-25 दिनांक 28.03.2025	केराकछार जलाशय योजना के नहरों में 6 नग संरचनाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण, केनाल बैंक प्रोटेक्शन कार्य मुख्य तथा माईनर नहरों में प्रीकास्ट लाईनिंग कार्य एवं मुख्य एवं शाखा नहरों को रिसेक्सनिंग कार्य।	रु. 551.08 लाख
नि.सि.क्र. 166409 नि.सू.क्र. 23/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 28.03.2025	बेलसुंगा जलाशय योजना के नहर मरम्मत एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य।	रु. 572.26 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **04.04.2025**, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट :- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.)

जी-252600179/3

छग हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार चीफ जस्टिस सिन्हा ने वर्चुअली की मामलों की सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार हुआ, जब किसी जस्टिस ने वर्चुअली किसी मामले की सुनवाई की है। कोरोना काल में वर्चुअल सुनवाई का दौर शुरू हुआ था। लेकिन तब याचिकाकर्ता और प्रमुख पक्षकारों के अधिवक्ताओं को वर्चुअल जुड़ने की छूट थी। वे वर्चुअल जुड़कर अपने मामलों की पैरवी किया करते थे। वहीं जज हाई कोर्ट में बैठकर सुनवाई करते थे।

दरअसल, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता की तबीयत खराब है, इसलिए वे बीते कुछ दिनों से इलाज के लिए उन्हें लखनऊ लेकर गए हैं। मां की बीमारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी शिद्दत के साथ निभाई। चीफजस्टिस रमेश सिन्हा ने मामलों मुकदमों की बढ़ती संख्या और याचिकाकर्ताओं की परेशानी को देखते हुए डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में लगे मामलों की सुनवाई करने का फैसला किया, और लखनऊ से सीधे वर्चुअल जुड़कर सुनवाई की।

चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देशित किया था, कि उनके डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के मामलों की लिस्टिंग करें. वे लखनऊ से वर्चुअल जुड़कर सुनवाई करेंगे. लिहाजा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पहली डिवीजन बेंच अपने नियत समय पर लगी और सुनवाई शुरू हुई।

कलेक्टर कार्यालय से सटे सरकारी आवासों की हालत दयनीय

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के तलवा पारा स्थित छिंदडांड़ के शासकीय दो मंजिला कर्मचारी आवासों में रह रहे दर्जनों परिवार नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। 2005 में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए इन सरकारी आवासों में नाली निर्माण न होने के चलते गंदा पानी हर ओर फैल चुका है। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि अब यह पानी सड़कों पर बहता हुआ बच्चों के खेलने के मैदान तक पहुंचने लगा है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में भी यहां ऐसा लग रहा है जैसे मानसून का मौसम आ गया हो।

गंदगी का अंबार, संक्रामक रोगों का खतरा : आवासों से निकलने वाला निस्तारी जल आसपास जमा हो चुका है। वर्षों से नियमित सफाई न होने और नाली निर्माण न होने की वजह से अब ये पानी स्थायी जलकुंड का रूप ले चुका है। मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी लगातार इस गंदगी से परेशान हैं, लेकिन सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते उन्हें कोई राहत नहीं मिल पा रही है।

लोक निर्माण विभाग की अनदेखी, मेंटेनेंस सिर्फ कागजों पर : इन आवासों की देखरेख की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है, लेकिन विभाग ने पिछले कई वर्षों से कोई ध्यान नहीं दिया है। रहवासियों के अनुसार, एनुअल मेंटेनेंस का कार्य सिर्फ कागजों में होता है, जबकि ज़मीनी स्थिति इसके ठीक विपरीत है। टूटी-फूटी सीढ़ियां, दरारों से भरी दीवारें और गिरते प्लास्टर इन आवासों की खस्ता हालत को बयां करते हैं।वही उच्च अधिकारियों के बंगलो में एक वर्ष में तीन से चार बार सुधार होने व कर्मचारी निवास में अनदेखी से सवाल उठना लाजमी हैं ।

वर्षों से बह रहा गंदा पानी बना परेशानी का सबब

सरपंच का आरोप-एक साल से फाइल पड़ी है दबे पन्नों में

तलवापारा के सरपंच देवीदयाल ने बताया कि इस मामले को लेकर वे कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत करा चुके हैं। नाली निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति (टीएस) भी एक वर्ष पूर्व ही मिल चुकी है, लेकिन यह फाइल आज भी विभागीय टेबल पर धूल फांक रही है। सरपंच ने कहा कि वे लगातार प्रयास कर रहे हैं कि यहां के रहवासियों को इस नरकीय स्थिति से छुटकारा मिले।

टूटी हुई टंकियां, जर्जर पाइप, पीने के पानी की भी दिक्कत

ऊपरी मंजिल पर रखी पानी की टंकियां वर्षों से टूटी हुई हैं, जिनमें अब पेड़-पौधे उग आए हैं। इन टंकियों की सफाई और मरम्मत की किसी ने कभी सुध नहीं ली। वहीं, भवन निर्माण के समय लगे लोहे के पाइप भी अब जर्जर होकर जगह-जगह टूट गए हैं, जिससे रहवासियों को पानी की सप्लाई में भी लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्रशासनिक उदासीनता से नाराज रहवासी : रहवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। उनका कहना है कि यदि कोई आम बस्ती होती तो शायद कब का सुधार कार्य हो चुका होता, लेकिन चूंकि ये सरकारी आवास हैं और रहवासी भी सरकारी कर्मचारी हैं, इसलिए कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

क्या जिला प्रशासन जागेगा?- अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कलेक्टर कार्यालय से महज़ कुछ कदमों की दूरी पर बसे इन आवासों की सुध प्रशासन कब लेता है। क्या गंदगी, बदबू, टूटी टंकियों और बहते पानी से जूझते इन कर्मचारियों को जल्द राहत मिल पाएगी, या यह समस्या यूं ही फाइलों में दबी रहेगी?।

संक्षिप्त खबरें

ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचा 29 हाथियों का झुंड, दहशत में लोग

रायगढ़/नवप्रदेश। धर्मजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में इन दिनों हाथियों का बड़ा दल विचरण कर रहा है, जिससे इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। सोमवार की रात 29 हाथियों का झुंड ग्राम कुडेकेला के पास सड़क किनारे पहुंच गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों के साथ-साथ इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी खौफ में हैं। जानकारी के अनुसार, यह हाथियों का दल लंबे समय से छाल रेंज में विचरण कर रहा है और आज रात यह झुंड कुडेकेला के पास मुख्य मार्ग के किनारे दिखाई दिया। दो दर्जन से अधिक हाथियों को एक साथ देखकर गांववाले सहम गए। लोगों ने अपने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है। हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलते ही धर्मजयगढ़ वन मंडल की टीम हरकत में आ गई और तत्काल क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

गर्भवती पत्नी गई मायके तो अश्लील वीडियो कर दिया वायरल

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। जिसमे पति अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में लगातार वायरल करता था। दहेज़ के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी करता था। यह मामला दल्लीराजहरा थाना का है। जिसमे पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

अक्टूबर 2024 में बनाया था अश्लील वीडियो : मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता गरियाबंद की रहने वाली है। ससुराल दल्लीराजहरा नगर में स्थित है। बताया जा रहा है कि, पीड़िता 9 महीने की प्रेगनेंट भी है। जब पत्नी अपने मायके गई तो पति नाराज हो गया। फिर अक्टूबर 2024 में पत्नी का एक अश्लील वीडियो बनाया था। जिसे उसने गुस्से में आकर वायरल कर दिया। जब मामले की जानकारी पीड़ित पत्नी को मिली तब पीड़िता की मां ने दल्लीराजहरा थाना में शिकायत की। इस अपराध पर अब जांच चल रही है। पुलिस ने कहा कि, आरोपी पति को तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा।

गांव में घुसा विशालकाय भालू

पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिले में मंगलवार 8 अप्रैल की सुबह मरवाही क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में भालू रिहायशी इलाके में आ धमका। रिहायशी इलाके में विशालकाय भालू के घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। दरअसल भालू बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा, मरवाही सड़क पर भोजन की तलाश में पहुंचा था। जहां लोग अपने घरों के सामने साफसफाई कर रहे थे और कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जब अचानक उनके सामने भालू पहुंचा तो सभी हड़बड़ा कर इधर-उधर भागने लगे। लोगों की आवाज सुनकर डरा-सहमा भालू भी जंगल की ओर भागने का रास्ता ढूंढने लगा। किसी तरह भालू सड़क किनारे बनी दीवार पर चढ़कर जंगल की ओर कूद गया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

भोजन-पानी की तलाश में गांवों की ओर आ रहे वन्यजीव : तेज गर्मी की वजह से जंगल से वन्य जीव पानी और भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच रहे हैं। जंगलों में इन वन्य जीवों के लिए भोजन की लगातार कमी हो रही है। वन्य जीवों का भोजन चार चिरौंजी, महुआ, तेंदू जैसे वनोपज ग्रामीण तोड़कर ले आते हैं। गर्मी की वजह से इन वन्य जीवों को भोजन और पीने के पानी की तलाश में रिहायशी इलाके में आना पड़ता हैं।

धान खरीदी घोटाला में 20 साल बाद आया फैसला

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में 20 वर्ष पूर्व धान खरीदी में हुई गड़बड़ी पर अब कोर्ट का बड़ा फैसला आया है, जिसमें कुल 17 दोषियों को कारावास की सजा सुनाने के साथ जुर्माना भी लगाया है। मामले में रामानुजगंज नगर पालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल के सगे भाई और चाचा भी शामिल हैं। कहते हैं देर है, पर अंधेर नहीं। ऐसा ही कुछ वर्ष 2003-04 में कामेश्वरपुर और रामचंद्रपुर के सहकारी समिति में हुई धान खरीदी घोटाले में हुई है. कोर्ट ने धान खरीदी में गड़बड़ी करने वाले 17 लोगों के खिलाफ फैसला सुनाया है। किसानों ने धान बेचा था, और पैसा दोषियों के खाता में पैसा गया था। दरअसल, कागजों में ही धान खरीदी कर ली गई थी। आरोपियों को अदालत को तीन-तीन साल की सजा और 500-500 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई। कलेक्टर के आदेश पर फूड विभाग के अफसरों की जांच रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने 2018 में भी सजा सुनाई थी, लेकिन आरोपियों ने ऊपरी अदालत में अपील की थी. अपील को खारिज करते हुए रामानुजगंज जिला न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई है।

भारतमाला परियोजना में हुआ है जमकर भ्रष्टाचार

मुआवाजा राशि हड़पने जिम्मेदारों ने नियमों को रखा ताक पर

- एक खसरे के 12 टुकड़े और बांट दिए 84 लाख की जगह साढ़े सात करोड़ मुआवजा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरीडोर की गड़बड़ी को लेकर सामने आई रिपोर्ट में लगातार चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे यह पता चलता है अफसरों और भूमाफियाओं ने किस तरह खसरे को बांटने का खेल किया और एक ही खसरे के 10 से 12 टुकड़े तक कर डाले। इसका एक चौंकाने वाला मामला सिर्फ टोकरो गांव में सामने आया है। गड़बड़ी की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि किस तरह टोकरो गांव में खसरा नंबर 32 के 12 टुकड़े, खसरा नंबर 82 के 5 टुकड़े, खसरा नंबर 3 के 6 टुकड़े और खसरा नंबर 1 के 10 टुकड़े कर दिए गए।

इस तरह चार मूल खसरे के 33 टुकड़े कर दिए गए। सिर्फटोकरो गांव में ही चार खसरे के विभाजित होने के बाद 84 लाख 31 हजार रुपए के मुआवजे को 8 गुणा बढ़ाकर 7 करोड़ 51 लाख 98 हजार रुपए कर दिया गया। इससे पता चलता है किस तरह अफसरों और रसूखदार भूमाफियाओं ने खसरे का खेल खेलकर शासन को करोड़ों का चूना लगाया। खास बात यह है कि मुआवजा लेने के लिए एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम जमीन का नामांतरण कर दिया गया।

एक-एक परिवार में करोड़ों मुआवजा : नायकबांधा के संबंध में रिपोर्ट में इस बात की जानकारी है कि एक ही खसरा नंबर के टुकड़े किए गए और परिवार के सदस्यों के नाम ही जमीन कर दी गई। एक ही खसरे में तीन टुकड़े कर तीन भाईयों के नाम 45 लाख, 78 लाख और 57 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा दे दिया गया। इसी तरह इसी खसरे के एक हिस्से में 46 लाख और 48 लाख रुपए का मुआवजा दे दिया गया है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि यह सभी सिंचित भूमि थी, जिसे परिवर्तित कर मुआवजे का खेल किया गया है।

एक परिवार को दो गांवों में मुआवजा

रसूखदारों ने मुआवजे का खेल ऐसा खेला कि एक ही नाम से जमीनें नायकबांधा में भी ले ली और उरला में भी ले ली। अभनपुर के नायकबांधा गांव में खसरा नंबर 1722/1 से लेकर 1722/5 तक जिस परिवार को लगभग पौने दो करोड़ की राशि बतौर मुआवजा देने का उल्लेख है। उसी परिवार का उल्लेख अभनपुर के उरला गांव में भी है। यहां खसरा नंबर 240/8 से 240/13 तक लगभग 3 करोड़ की राशि बतौर मुआवजा दी गई है।

6 करोड़ की जगह 32 करोड़ बांटा मुआवजा

जमीनों की बंदरबांट कर मुआवजे का सबसे बड़ा खेल तो नायकबांधा गांव में हुआ। यहां पटवारी हल्का नंबर 49 में 13 मूल खातेदारों के खसरे के 54 टुकड़े कर दिए गए। इस तरह यहां मूल स्थिति में जो मुआवजा 6 करोड़ 7 लाख 94 हजार 805 रुपए का था। उसे पांच गुणा बढ़ाकर 32 करोड़ 9 लाख 10 हजार 409 रुपए वितरित कर दिया गया। इसी तरह ग्राम भेलवाडीह में एक जमीन के चार टुकड़े कर 30 लाख 44 हजार 78 रुपए मुआवजे की जगह 88 लाख 3 हजार 208 रुपए मुआवजा कर दिया गया।

धान खरीदी में लाखों की गड़बड़ी!

- समिति की जांच में उजागर हुआ मामला, कर्मचारियों ने पल्ला झाड़ा, कलेक्टर ने कही जांच की बात

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली ब्लॉक के अंतर्गत रिसेकेला धान खरीदी केंद्र में लाखों रुपये के धान के गबन का मामला सामने आया है। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार, लगभग 55 लाख रुपये का धान गायब बताया जा रहा है। इस गड़बड़ी को लेकर किसानों में आक्रोश है और वे जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

54 लाख से अधिक के धान का गबन : महासमुंद जिले में कुल 1,62,288 किसान पंजीकृत हैं. जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक 11,04,273 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस आंकड़े के साथ महासमुंद, प्रदेश में धान खरीदी में प्रथम स्थान पर रहा। इन्हीं केंद्रों में से एक है प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रिसीकेला, जिसमें 1109 किसानों ने कुल 1,02,000 क्विंटल धान बेचा. लेकिन धान खरीदी केन्द्र से मिलर और संग्रहण केंद्र में 95,962.89 क्विंटल भेजा गया।

कलेक्टर ने कही जांच की बात

इस पूरे मामले पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह की गड़बड़ी अन्य धान खरीदी केंद्रों से भी मिली है. मार्कफेड और खाद्य विभाग की टीम को निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी केंद्र में गंभीर शोर्टेज की समस्या या बोगस खरीदी हुई है तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी से पूछताछ करें. गड़बड़ी पाए जाने पर एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी.

नशे की तलब पूरी करने राजधानी में दिनदहाड़े चला चाकू, एक की मौत

- हिस्ट्रीशीटर गोपी निषाद की मौत

रायपुर /नवप्रदेश । रायपुर में मंगलवार को दिनदहाड़े शुभम साहू नामक बदमाश ने अपने साथी की मामूली विवाद के चलते चाकू से गोंद कर करहत्या कर दी। इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया। पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र के नगर निगम कॉलोनी का है। वारदात को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी शुभम साहू को पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद मेकाहारा के पास से गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान गोपी निषाद के रूप में हुई है। मृतक को घटना के बाद घायल अवस्था में रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन दाखिले के कुछ ही देर बाद मृतक ने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी देते हुए आज़ाद चौक थाने के टीआई जीतेन्द्र ताम्रकार ने बताया की घटना की सुचना मिलते ही थाने की टीम तत्काल मौके पर पहुँच गई थी और वारदात के कुछ ही देर बाद आरोपी शुभम साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से प्रथम पूछताछ में पता चला है की वह

मंगलवार की सुबह से ही अलग अलग तरह के नशे का सेवन कर रहा था जिसके चलते उसके पास पैसे तो ख़तम हो गए लेकिन नशे की तलब नहीं बुझ पाई। इसी तलब को मिटाने के लिए आरोपी शुभम ने मृतक गोपी से पैसे मांगे जिसपर गोपी ने इंकार कर दिया। नशे में धुत्त आरोपी ने चाकू निकाला और गोपी के शरीर में ताबड़तोड़ हमला कर दिया और घटना स्थल से फरार हो गया।

टीआई ताम्रकार ने यह भी बताया की दोनों ही व्यक्ति बदमाश प्रवित्ति के थे जहाँ आरोपी के खिलाफ साल भर पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया गया था तो वहीं मृतक गोपी निषाद के खिलाफ आज़ाद चौक थाने में ही 9 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं और उसे शहर के हिस्ट्रीशीटरों की सूची में भी शामिल किया गया था।

आईपीएल सटोरिए मुनगा-लौकी के नाम पर चला रहे सट्टा

संजय लिखितकर

आईपीएल मैच खेल रहे टीमों को सब्जियों के दाम पर चल रहा दांव

भोपालपटनम /नवप्रदेश। सटोरियों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने सट्टा को तरह -तरह के नाम देकर कमाई का जरिया बना लिया है। सब्जी की दुकान पर ही अपने दूसरे सट्टेबाज से कहते हैं। मुनगा पांच हजार तो सामने वाला कहता है नहीं लौकी दस हजार। इससे सब्जी वाला भी अवाक रह जाता है। मुनगा याने मुंबई और लौकी का लखनऊ। इस प्रकार आईपीएल मैच खेल रहे टीमों का नाम सब्जियों के नाम पर रखा गया है।

आईपीएल महाकुंभ अभी भी चालू है। इस आईपीएल के मैच में जिन सट्टेबाजों ने डुबकी लगाई उसका घर और परिवार बर्बाद हो गया है। जिले में चाहे बीजापुर,उसूर, भैरमगढ़ और भोपालपटनम में आईपीएल में सट्टेबाजी चल रहा है। कथित तौर पर विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बीजापुर और भैरमगढ़ में कुछ चिन्हित स्थान पर सट्टेबाज एकत्रित होते हैं। अब तक तो मुर्गा बाजार पर सट्टा लगाते थे लेकिन जब से आईपीएल मैच चालू हुआ। सट्टेबाजों का रुख आईपीएल की ओर केन्द्रित हो गया।

भोपालपटनम भी इससे अछूता नहीं है। आईपीएल जब से चालू हुआ है। तब से सट्टेबाजों का मेला लग रहा है। मैच के शुरू होने के पूर्व टॉस के ऊपर भी सट्टा लगाया जा रहा है। शाम के समय नगर पंचायत के अलावा ग्राम पंचायत में भी सट्टेबाजों का जमावड़ा लगा रहता है। जबकि तहसील स्तर के अधिकारियों का निवास है। फिर भी सट्टेबाजों को खौफनहीं है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत और ग्राम पंचायत की बसावट अंतरराज्यीय मार्ग है। जिससे की शाम को मार्ग अवरूद्ध की स्थिति निर्मित होती है।

तहसील में आईपीएल मैच शुरू होने के पूर्व सट्टेबाजों का मुख्य मार्ग पर जमावड़ा लगा रहता है। सट्टेबाजों को शाम के समय स्पष्ट देखा जा सकता है। जिसमें अधिकतर शासकीय सेवक के साथ बच्चे लोग भी इस अनैतिक कार्य में संलिप्त रहते हैं। 1000रू से लेकर 50,000/- रूपए तक सट्टा लगाया जा रहा है। लेकिन इन सट्टेबाजों पर किसी भी प्रकार खौफ नहीं है। अधिकतर अधिकारी का निवास स्थान तहसील में है। फिर भी इस अनैतिक कार्य में कोई अधिकारी की रूचि नहीं है। जिससे कि यह अनैतिक कार्य अबाधित रूप से बेखौफ संचालित है। जो इस अनैतिक कार्य में लिप्त शासकीय सेवक, समाज और सामाजिक परिवेश में पल रहे नौनिहालों को क्या मार्गदर्शन की भूमिका देंगे? अगर दिन दो मैच है तो दोपहर दो बजे से सट्टेबाजों का आना-जाना शुरू हो जाता है। पुलिस महकमे को भी इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। क्षेत्र में भी चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। शायद इसका कारण आईपीएल या अन्य हो?

ज्ञात हो कि भोपालपटनम और आसपास के अधिकांश ग्राम पंचायत अंतर्राज्यीय मार्ग पर स्थित है। अंतर्राज्यीय मार्ग होने के कारण बड़े-बड़े मालवाहक चौपहिया वाहन का आवागमन जारी रहता है। और व्यापारियों के प्रतिष्ठान भी यही है। गैरेज का सामान आने से तथा ग्राहकों को भी रोजमर्रा की सामग्री खरीदने हेतु प्रतिष्ठानों में आते हैं। जिससे उनके वाहन और सट्टेबाजों के वाहनों का बेतरतीब ढंग से रखने के कारण जाम लगा रहता है।

कुछ सट्टेबाज बहुत ही सुन्दर ढंग से सट्टा लगाते हैं। सब्जी की दुकान पर ही अपने दूसरे सट्टेबाज से कहते हैं मुनगा पांच हजार तो सामने वाला कहता है नहीं लौकी दस हजार। इससे सब्जी वाला भी अवाक रह जाता है। मुनगा याने मुंबई और लौकी का लखनऊ। इस प्रकार आईपीएल मैच खेल रहे टीमों का नाम सब्जियों के नाम पर रखा गया है।

कुछ जागरूक व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने इस अनैतिक कार्य पर तत्काल अंकुश नहीं लगाया गया तो उच्च अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा।

जंगल के असली योद्धा | वन विभाग की अनूठी पहल : धुर नक्सली इलाकों में सूचना मिलने पर ग्रामीण खुद संभाल लेते हैं कमान

सेटेलाइट की निगहबानी से जंगल की आग बुझाने में बड़ी कामयाबी

बीजापुर/नवप्रदेश। वनों को आग से बचाने के स्लोगन आपने अक्सर दीवारों पर लिखे देखे होंगे, पढ़े होंगे। परंतु इसे हकीकत में बदलने वाले योद्धाओं को अपने कभी ना तो देखा होगा ना ही सुना होगा। आज हम आपको इस रिपोर्ट में उन योद्धाओं की मेहनत से जुड़ी वो तस्वीरें दिखाएंगे जो चुनौतियों के बीच जाकर जलते वनों को बचाने के लिए डटे हुए हैं।

जब जंगल जल रहा हो तब वे ये भी नहीं सोचते हैं कि, जंगलों में नक्सलियों का खौफ हो सकता है या नक्सलियों के लगाए आईडी और स्पाइक होल का वे शिकार हो सकते हैं। वे बस बहादुरी के साथ जंगलों को बचाने निकल पड़ते हैं।

सेटेलाइट से पता चल जाता है, कहां लगी है आग

वन विभाग वनों में लगी आग को चिन्हांकित करने या उसका पता लगाने के लिए किसी ग्रामीण के शिकायत का इंतजार नहीं करता, बल्कि अब सीधे सेटेलाइट से कनेक्ट हो चुका है। सेटेलाइट के माध्यम से वन विभाग के अफसर इस बात का पता लगाते हैं कि, जिले में किस जंगल में और किस दिशा में आग लगी है। उसके आधार पर अधिकारी उस इलाके में तैनात वनरक्षक और फायर वाचर्स को इसकी सूचना देते हैं, जिसके बाद जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए विभाग द्वारा दिए गए मशीन के जरिए वे उस जगह तक पहुंचते हैं और आग को बुझाने में सफल हो पाते हैं।

महुआ बीनने और शिकार के लिए आग लगाने की परंपरा

इंद्रावती रिजर्व फारेस्ट के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बल्गा बताते हैं कि, अति नक्सल प्रभावित पहुंच विहीन क्षेत्र नेशनल पार्क में पहाड़ एवं दुर्गम रास्तों की वजह से जंगल में लगी आग की जगह तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। इन इलाकों में ग्रामीणों में जागरूकता में कमी और महुआ बीनने, शिकार (आखेट) पारंपरिक तौर पर आग लगाने का चलन है। ग्रामीणों को जागरुकता कार्यक्रमों के द्वारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, समय-समय पर आग नहीं लगाने के लिए समझाया जाता है।

न्यूज गैलरी

प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा की मासिक बैठक हुई। बैठक में पेंशनर समाज के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। उप प्रांताध्यक्ष एस0 पी0 जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। आनंद राम अकेला एवं फेकू दास ने सुंदर सरगुजिया गीत प्रस्तुत कर सभा को खुशनुमा बना दिया। बैठक दिवस को पेंशनर समाज के दो सदस्यों बदलू राम आडवाणी एवं जगदीश टीकम का जन्म दिवस होने कारण केक काटकर जन्म दिन मनाया गया। सबने उनको केक खिलाकर अवतरण दिवस की बधाईयां दी। कार्यक्रम में शिवनारायण जायसवाल, कृष्णा गुप्ता, जगत पैकरा,त्रिभुवन यादव पेंशनर समाज के तमाम रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित रहे बसंत प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

रामनवमीं पर मोहडंडा में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम मोहडंडा में राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां गांव के भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी का विशेष योगदान रहा। आदि शक्ति मां दुर्गा, भगवान बजरंगबली एवं काल भैरव की दिव्य प्रतिमाओं की स्थापना के साथ-साथ कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामवासियों ने उनके स्वागत किया और दीनानाथ केशरवानी ने अतिथियों को देवी देवताओं की छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। पूरे गांव में राम मंदिर का उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और विशेष पूजा-अर्चना की गई।

जिला चिकित्सालय में आज 10 बजे से लगेगा स्वास्थ्य शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय परिसर में आज 10 बजे से विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों के अतिरिक्त रायपुर एवं बिलासपुर के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। जिसमें हृदय रोग, न्यूरो, बच्चों से संबंधित हड्डी रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग, दंतरोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, कटे फटे होंठ एवं तालू तथा क्लब फुट एवं अन्य सामान्य रोगों का उपचार किया जायेगा। मरीजों को विशाल मेगा शिविर में लाने हेतु समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है।

बाजार में फ्रीज, कूलर, एसी की बढ़ी बिक्री

मुंगेली में गर्मी का चढ़ा पारा, देशी फ्रीज की बढ़ी मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है। दोपहर में शहर की सड़के सूनी हो जाती है। अप्रेल माह के दूसरे सप्ताह से गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहे है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गर्मी से राहत दिलाने वाले उपकरण खरीद रहे हैं। मौसम के बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरो के पास मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। फलों में भी इन दिनों रंगों की मिलावट खेल चल रहा है। नगर सहित अन्य सड़को पर दोपहर 12 बजे के बाद वीरानी छा जाती है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। सूर्य की तपिश बेहाल करने लगी है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिये तरह-तरह के जतन कर रहे है। शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है। गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में सड़क सूनसान हो जाती है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के जतन भी कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। शाम 5 बजे के बाद ही सड़कों में चहल-पहल दिखती है, तो वही नगर के मेन रोड सदर बाजार में भी वीरानी छाई रहती है। शाम ढ़लते ही दुकानों में रौनकता आने लगती है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। भीषण गर्मी की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। पिछले तीन चार दिनो से क्षेत्र में पारा 40-42 डिग्री तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की आशंका से लोग चिंतित है। गर्मी से बचाव के लिये कूलर एवं एसी की मांग बढ़ गई है। तेज गर्मी के चलते लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है।पिछले दो-तीन दिनों से तो मौसम पतझड़ की तरह बना हुआ हैं। पेड़ों से पत्ते गिर रहे हैं। वहीं हवा भी चल रही हैं, जो पूरी तरह शुष्क हैं। सुबह से ही तापमान में तेजी देखी जा रही हैं। धूप चमकीली हो गई हैं जिसके चलते दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहा हैं। गर्मी को देखते हुए शहर के छोटे-बड़े हर इलेक्ट्रानिक दुकानों पर एसी, रेफ्रिजरेटर, कूलर, पंखे की दुकाने सजने लग गई हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों ने पुराने कूलर, एसी, फ्रिज को दुरुस्त करने के लिए इलेक्ट्रिशियन के पास भेजना शुरू कर दिया हैं।

जैसे जैसे गर्मी बढ़ते जा रहा है। देशी फ्रिज कहे जाने वाली मिट्टी का घडा घर-घर पहुंचने लगी है। इस बार सूर्य का रौद्र रूप मार्च माह में प्रारंभ हो गया। जिसके चलते गर्मी बढ़ने से घड़े की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। मटके के व्यापार से जुड़े कुम्भकारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घड़े की किमतो में दस प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घड़े का उपयोग करते है। सामान्यतरू अक्ती के समय से लोग घड़े का पानी पीते है। लेकिन इस बार गर्मी मे अप्रैल से घड़े बिकने लगे है। दुकानदारों ने बताया की मटका का मुख्य रूप से बड़ा बाजार में बिक्री होती है। मटके की मांग को देखते हुए बड़ा बाजार, कुम्हार पारा, पड़ाव चौक, खर्रीपारा सहित जगह-जगह मटका बेचने वाले दुकान खोलकर बैठे रहते है। गर्मी में ठण्डा पानी के लिए घड़े बनाने का काम जनवरी माह से शुरू हो जाता है।

मनरेगा के दिशा-निर्देशों के संबंध में दी जानकारी

मनरेगा के माध्यम से जॉब कार्डधारी परिवारों को मिलने वाले रोजगार से अवगत कराया

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजित किया गया। जिसमें अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा अंतर्गत रोजगार देने की चर्चा की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून के प्रावधानों एवं अधिकारों के प्रति श्रमिकों में समझ विकसित करना है।

योजना अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से दैनिक मजदूरी दर पूर्व के तुलना में 243 रूपये से बढ़कर 261 रूपये अर्थात 18 रूपये हुए वृद्धि के संबंध में जानकारी दिया गया। रोजगार दिवस के दौरान नवीन जॉब कार्ड बनाने अथवा सदस्य जोड़ने के संबंध में आवेदन एवं रोजगार हेतु मांग पत्र भी प्राप्त किया गया। पूर्व में स्वीकृत प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने एवं अप्रारंभ कार्यो को अतिशीघ्र प्रारंभ करने पर भी चर्चा किया गया। मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास के कार्यो का होने वाले सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में ग्रामीणों, श्रमिकों एवं जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के माध्यम से जॉबकार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों की जॉबकार्ड, मजदूरी आदि की जानकारी दी गई। साथ ही मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यो से अवगत कराया गया। वर्तमान में मनरेगा सहित प्रधानमंत्री आवास के कार्य स्वीकृत हैं, जिसमें मनरेगा श्रमिक अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन एवं जनपद सीईओ के नेतृत्व में पूरे जिले में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में कुल 141884 परिवार पंजीकृत हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 36.35 लाख मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध 40.97 लाख मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया गया। रोजगार दिवस पर सुशासन तिहार के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई, तथा अपने क्षेत्र के मूलभूत आवश्यकताओं, समस्याओं को उचित माध्यम से शासन स्तर तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। अवैध शराब, जुआ एवं गांजा बिकी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु नशा मुक्ति अभियान के तहत लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिया जा रहा था जिसके परिपालन में अवैध शराब रेड कार्यवाही पर अवैध शराब रखकर परिवहन करने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शक्ति मनीष कुंवर को सूचना के बारे में अवगत कराकर कुशल दिशा निर्देशन प्राप्त होने पर ग्राम टेमर में हरि किशन देवांगन पिता गरीब राम देवांगन उम्र 47 साल साकिन टेमर थाना सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) के कब्जे से एक कत्था सफेद रंग के थैला के अंदर सफेद रंग के प्लास्टिक पन्नी में लगभग 05 लीटर एवं एक-एक लीटर वाली 03 बाटल में कुल 08 लीटर कच्ची मुहआ शराब किमती 800 रू0 रखे पकडा गया।

जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी हरि किशन देवांगन पिता गरीब राम देवांगन उम्र 47 साल साकिन टेमर थाना सक्ती को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सउनि एंथोनी एक्का, आरक्षक 119 जोगेश राठौरख् आर. 248 यादराम चन्द्रा एवं आरक्षक 229 लक्ष्मी प्रसाद साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने मिल रहा अवसर

लखपती दीदी बन आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ती महिलाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पंचायत बघिमा की निवासी मीना मरावी, जो पहले एक साधारण गृहिणी थी। आज लखपति दीदी बन गई हैं। उनको यह सफलता संतोषी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद मिली। समूह से जुड़ने के बाद मीना मरावी के परिवार की वार्षिक आय लगभग 01 लाख 25 हजार से भी अधिक है।

मीना बताती है कि समूह से जुड़ने से पहले उनकी स्थिति अच्छी नहीं थी। मीना मरावी का जीवन पहले बहुत कठिनाइयों से भरा हुआ था। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी और उन्हें अपने घर की रोजी-रोटी के लिए मजदूरी करने और कृषि कार्यो में कठिन परिश्रम करना पड़ता था। उनके पास कोई स्थिर आय का स्रोत नहीं था, बड़े मुश्किल हालात में मजदूरी व खेती-बाड़ी से पैसे जोड़ती थी। लेकिन जब उन्होंने संतोषी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया, तो उनकी जिंदगी संवरने लगी। मीना ने समूह में जुड़ने के बाद सीआईएफ से लोन लेकर किराना दुकान शुरू किया है। इस व्यवसाय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया और मीना की मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज उनकी सालाना आय एक लाख रुपये से भी अधिक है। सरकार के बेहतर नीतियों का नतीजा है कि आज महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। उनका साहस और आत्मविश्वास दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। मीना मरावी का यह सफर उन सभी महिलाओं को प्रेरित करता है जो अपनी मुश्किलों के बावजूद अपने जीवन में बदलाव लाने का सपना देखती हैं। और अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार पोषण अभियान अंतर्गत जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाना है। कलेक्टर राहुल देव ने संबंधित अधिकारियों को पोषण अभियान अंतर्गत विविध गतिविधियों के साथ सफल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रेकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सी-मैम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे की समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में जागरूकता आदि थीम पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

स्वास्थ्य जागरूकता रैली और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सालसा प्लान ऑफ एक्सन के तहत् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी अध्यक्ष के मागदर्शन में विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता लाने हेतु रैली निकाला गया।

साथ ही जिला चिकित्सालय में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय, बच्चों का नियमित मेडिकल चेकअप कराने के साथ ही उपस्थित व्यक्तियों को नियमित जीवनशैली अपनाने नियमित योग और व्यायाम करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला, सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी कौशिक मौजूद रहे।

जिले में तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। पहले चरण में 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन-प्रशासन स्तर के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की यह पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं की पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 05 बजे तक समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आमलोग अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लिखकर डालेंगे। इसके साथ ही लोक सेवा केन्द्र में जाकर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कलेक्टर ने अधिक से अधिक लोगों को सुशासन तिहार के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदनों की प्राप्ति एवं समाधान शिविरों के आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने अपर कलेक्टर जीएल यादव को जिला स्तरीय सेल प्रभारी, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान को नगरीय निकाय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति एवं निराकरण हेतु नोडल अधिकारी, विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया में प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति एवं निराकरण हेतु संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी और संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

आयोजन

भाजपा की विचारधारा पर चलते हुए मां भारती के पूरा वैभव को पुन: प्राप्त करने करते रहेंगे कार्य

मुंगेली में भाजपा के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। पार्टी के 10 करोड कार्यकर्ताओं में से कोई भी एक व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। मै भी एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के संस्कार का अनुसरण कर और दायित्व मिला। हमारे राजनैतिक पितृ पुरूष स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक देश, एक विधान, एक एक संविधान कि बात कही थी। पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता से राष्ट्र प्रधान बने मोदी जी की सरकार ने विचारधारा पर चलकर कश्मीर से धारा 370, 35। को हटा दिया पंडित दिनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की विचारधारा पर चलकर अंतिम पंक्ति पर चलकर जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। भाजपा विचारधारा पर चलते हुए मां भारती के पूराने वैभव को पुनः प्राप्त करने के लिए कार्य करते रहेंगे। उक्त उध्दबोधन भारतीय जनता पार्टी के 45वें वर्ष में प्रवेश करने पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। जिले में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायतों में भाजपामय होने पर सभी कार्यकर्ताओं का योगदान बताते हुए उन्हे बधाई दी। स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व सांसद स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व. डॉ. भानु गुप्ता, पूर्व विधायक स्व. फूलचंद जैन, पूर्व विधायक स्व. मुनीराम साहू के परिजनों का सम्मान किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि यह सेवा समर्पण और राष्ट्रवाद का संयुक्त उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि भाजपा के संस्थापक के रूप में पार्टी को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने में यहां के चार प्रमुख नेताओं के साथ उनके पिताजी कंधे से कंधे मिलाकर काम किये थे। वे स्वयं 10 वर्ष की उम्र से पार्टी के लिए काम कर रहे है। मैं भाजपा का सदस्य ही नहीं, बल्कि इसी पार्टी में पैदा हुआ है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यक्रम में भाजपा के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं शुरूआती दिनों के वरिष्ठ नेताओं के परिजन का सम्मान किया गया।

शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, युवक पर मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने तथा दो माह का गर्भपात कराने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक तारा तुरी पति विजय तुरी ग्राम बेलदगी शिकारी पारा ने राजा तुरी निवासी लुचकी थाना अम्बिकापुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल तथाकथित आरोपी राजा तुरी द्वारा प्रार्थिया के लड़की को बहला फुसला शादी का झांसा देकर चार पांच महीने से लगातार बलात्कार करता रहा। युवती जब दो माह की गर्भवती हो गई तो प्रेमी युवक से शादी करने पेशकश रखी। युवक बोला अभी मेरा उम्र नहीं हुआ है और शादी करने से मुकर गया। पिडिता शादी के लिए ज़ोर देती रही। मंदिर में शादी करने के बहाने से राजा तुरी युवती को लेकर अपने गांव लुचकी लेकर गया और युवती को 3 अप्रेल की दरमियानी रात डरा धमका कर जबरन गर्भपात की गोली खिला दिया। युवती के माता-पिता ने उपचार के लिए युवती को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने युवती की नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हैंडपंपों में राइजर पाइप लगाने शासन को भेजा प्रस्ताव, पानी की समस्या जल्द दूर होगी

मस्तूरी, कोटा से ज्यादा जलसंकट तखतपुर, बिल्हा में, 80 से 90 प्रतिशत पानी का दोहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी आते ही जिले में पेयजल की समस्या गंभीर रुप से देखने को मिल रही है। पानी की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं। गर्मी के शुरुआती दिनों में जल का स्तर कम होता जा रहा है। गांवों में तालाब सूखने की समस्या से शहरी क्षेत्रों में भी पानी की किल्लत अभी से शुरु हो गई है।

जलाभाव को देखते हुए कलेक्टर ने बिलासपुर जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन के लिए एडीम और एसडीएम से अनुमति जरुरी हो गई है। पीएचई, नगर पालिका निगम और नगर पंचायतों को पेयजल के लिए नगरीय निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इन्हें इस दौरान कराए गए नलकूपों की खनन की जानकारी जिम्मेदार अधिकारी को भेजना होगा। पीएचई के ई हर्ष कबीर ने बताया कि जिले में पानी की समस्या को देखते हुए हर ब्लाक में हैंडपंप चेक किया जा रहा है। कई क्षेत्रों से हैंडपंप सूखने की शिकायतें मिली हैं। जिन स्थानों से शिकायतें नहीं आई है वहां भी जांच करवाई जा रही है। इसके साथ ही चार हैंडपंप, मोबाइल वाहन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में जलस्तर ज्यादा ही नीचे है वहां पानी आपूर्ति के संबंध में प्रयास किया जा रहा है। पंचायत के माध्यम से हैंडपंप के लिए राइजर पाइप खरीदने का प्रपोजल भेजा गया है। इससे बहुत हद तक पानी की कमी को दूर किया जा सकता है।

जल संरक्षण को लेकर जागरुकता जरुरी

पीएचई के ई ने बताया कि जिले में बिल्हा और तखतपुर में पानी की किल्लत ज्यादा है। बिल्हा में जिस हिसाब से पानी का दोहन हो रहा है यह क्षेत्र जल्द ही सेमी क्रिटिकल से क्रिटिकल में आ जाएगा। जल संरक्षण को लेकर जागरुकता की भी आवश्यकता है। ग्राउंड वाटर की जगह सरफेश वाटर का उपयोग बढ़ाना होगा। उद्योग से निकलने वाले पानी को रिसाइकल कर प्रयोग में लाना चाहिए। सभी सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए। इसके साथ ही हैंडपंप से व्यर्थ बहने वाले पानी के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे पानी का बहाव व्यर्थ न हो। बिल्हा में वर्तमान में 89 प्रतिशत पानी का दोहन हो रहा है। 90 प्रतिशत पहुंचते ही यह क्षेत्र क्रिटिकल में शामिल हो जाएगा।

सर्विसिंग सेंटर के कम्प्रेशर पर रोक

जलाभाव की स्थिति को देखते हुए निगम क्षेत्र में पहले ही सर्विसिंग सेंटर के कम्प्रेशर मशीन पर तीन माह की रोक लगाई गई है। कम्प्रेशर मशीन के माध्यम से पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। हालांकि इस निर्देश के बाद सर्विसिंग सेंटर के व्यवसायी नाराज हुए थे, लेकिन जिले में पानी की संकट को देखते हुए निर्देश यथावत बना हुआ है।

■ न्यूज गैलरी

डीजे सामान सहित 7 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोलाहल अधिनियम के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे, 2 नग साउंड बाक्स, 1 नग एम्पली फायर जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एएसएसपी रजनेश सिंह द्वारा आपरेशन प्रहार के तहत कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा के मार्गदर्शन में निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली के नतृत्व में मुखबीर की सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 6 अप्रैल को डी. पी. कालेज के पास रैली में एक व्यक्ति अपने डी. जे. को तेज आवाज में बजाना, जिससे आस-पास रहने वाले लोगों को आवाज से परेशानी होना ध्वनि प्रदुषण होना पाये जाने पर 2 नग साउंड सिस्टम एवं1 नग एम्लीफायर को विधिवत जप्त कर आरोपी राजा खटिक पिता बल्ला खटिक उम्र 25 वर्ष निवासी डी.पी. कालेज के पास टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली डीजे साउंड सिस्टम के विरूद्ध इस्त. क. - 11/25 धारा 15, 16 कोलाहल अधिनियम तहत कार्यवाही की गई है ।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सुपर स्पेशलिटी, मेंटल हॉस्पिटल और जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करें: स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बिलासपुर प्रवास के दौरान सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर अस्पताल, जिला अस्पताल और सेंदरी स्थित दवा गोदाम का निरीक्षण किया।

उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अस्पतालों में वाटर कूलर के साथ ही एसी की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, कलेक्टर अवनीश शरण, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की ली जानकारी

स्वास्थ्य मंत्री ने समीप में ही बन रहे कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की भी जानकारी ली और इसका निर्माण जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिम्स का नया भवन भी इसी परिसर में बनेगा। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 700 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंजीयन, एनआरसी, ओपीडी सहित पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। लाखासार से आई मरीज से चर्चा कर सुविधाओं की जानकारी ली।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सबसे पहले राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में 100 बेड और बढ़ाया जा रहा है जिससे यहां कुल बेडों की संख्या 300 हो जाएगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अस्पताल मरम्मत और रंग-रोगन के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन, पुरूष वार्ड, मेल शॉर्ट स्टे वार्ड और महिला पुनर्वास वार्ड सहित पूरे अस्पताल का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने सेंदरी स्थित दवा गोदाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक पंजी का अवलोकन कर दवाईयों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। यहां शीघ्र आईपीडी शुरू करने कहा। भर्ती एवं खरीदी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

गलत इंजेक्शन से गर्भवती महिला का नहीं था गर्भपात

■ कलेक्टर ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में पेट दर्द का इलाज कराने आई गर्भवती महिला को इंजेक्शन देने के कुछ देर बाद अस्पताल में ही अर्बाशन हो गया था। तब परिजनों ने सिम्स के चिकित्सकों पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाया था।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद कलेक्टर ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित की थी। जांच के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। कलेक्टर अवनीश शरण ने कमेटी की रिपोर्ट डिवीजन बेंच में पेश कर दी है। अर्बाशन का कारण गलत इंजेक्शन के बजाय गर्भवती महिला को पूर्व से ही कई चिकित्सकीय जटिलताओं का कारण बताया गया है। डिवीजन बेंच को सौंपे रिपोर्ट में कलेक्टर ने बताया है कि गर्भपात का कारण गलत इंजेक्शन नहीं है। महिला को पूर्व से ही कई शारीरिक जटिलताएं थी। ईलाज के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था और गर्भपात की प्रक्रिया जानबूझकर नहीं की गई थी। कोटा थाना क्षेत्र के करगीखुर्द निवासी गर्भवती महिला को पेट में दर्द होने की शिकायत पर सिम्स में भर्ती कराया गया था। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला को दर्द निवारक इंजेक्शन व कुछ दवा देकर सिम्स भेजा गया था। रेफर पर्ची में गंभीर पेट दर्द लिखा गया था। इसके बाद उसे सिम्स लाकर भर्ती कराया गया था। सिम्स प्रबंधन ने अत्यधिक रक्त स्त्राव होने के कारण गर्भपात होने की बात कही। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की एक पर्ची भी लगाई गई, जिसमें कोटा में उपचार और रेफरल पर्ची में महिला को दी गई दवा के साथ पेट दर्द व रक्त स्त्राव होने की बात लिखी थी।

महामाया मंदिर के पास कलपेसरा तालाब में फिर मृत कछुए मिले

■ नगरवासियों में आक्रोश

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर में कछुओं की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है, अभी 23 कछुओं की मौत की जांच की आंच भी ठंडी नही हुई थी की फिर एक बार महामाया मंदिर परिसर से सटे कलपेसरा तालाब में एक बार फिर जाल में फंसे चार मृत कछुए मिलने से सनसनी फैल गई है। यह तालाब नगर पालिका के अधीन आता है और यहां पर नगर पालिका द्वारा नौका विहार की सुविधा भी दी जाती है। अभी कुछ समय पहले ही मंदिर ट्रस्ट के अधीन एक कुंड से 23 मृत कछुए बरामद किए गए थे, जिसकी जांच अब तक पूरी नहीं हुई है। अब फिर से मृत कछुओं का मिलना इस पूरे मामले को और गंभीर बना रहा है। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कछुओं के शव और जाल को जब्त कर लिया है। विभाग अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि तालाब में जाल कौन बिछा रहा है और क्या यह किसी अवैध गतिविधि से जुड़ा हुआ है। पूर्व में मंदिर ट्रस्ट के कुंड से मृत कछुए मिलने पर ट्रस्टियों को आरोपी बनाया गया था। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं कि नगर पालिका की जिम्मेदारी वाले तालाब में भी अगर इसी तरह जाल में कछुए मिल रहे हैं तो इसमें जिम्मेदारी किसकी होगी? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाबों की नियमित निगरानी नहीं की जा रही, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। वन विभाग ने इस बार कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं और जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

वन विभाग की जांच पर सवाल

गौरतलब है की ट्रस्ट द्वारा बिलासपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बोला गया था कि महामाया ट्रस्ट को फसाने की साजिश की जा रही है आज फिर जाल कछुआ मिलने से यह स्पष्ट होते दिख रहा है कि वाकई ट्रस्ट को फसाने की साजिश की जा रही है क्योंकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रतनपुर में जो 23 कछुआ पहले बरामद हुआ था उसको कौन मारा था? शक के आधार पर ट्रस्टी और अन्य के विरुद्ध में वन विभाग के द्वारा कार्रवाई की गई है वन विभाग की जांच पर सवाल खड़े हो रहे है और रतनपुरवासी भी कार्यवाही से विभाग से नाराज बताकर पूरे मामले को लेकर आंदोलन की बात कहती नजर आ रहे है।

मणी देवी को दी गई श्रद्धांजलि

बिल्हा/नवप्रदेश। मणी देवी अग्रवाल पति स्व ख्याली राम अग्रवाल बिलहा के दुखद निधन से हमे गहरा आघात लगा है।

हम उन्हे शत शत नमन सहित अश्रुपूरित श्रद्धान्जलि अर्पित करते हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति तथा परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। लूटपाट करने वाले फरार 2 आरोपियों को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लूट की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए थे। लूट व चोरी किए 3 बाइक जिसकी कीमत 10000 रूपए है बरामद किया है। प्रकरण में 2 नाबालिग शामिल थे। पूर्व में 2 नाबालिग सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार श्रीकुमार मरावी पिता स्व. रामसिदार निवासी डबरीपारा सरकण्डा का 2 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 फरवरी के रात्रि वह बिलासपुर शहर की ओर अपने एक्टिवा स्कूटी क्र. सीजी 10 ई एम 1204 से घूमने के लिए गया था कि रात्रि करीब 9 बजे रामसेतू पूल के पास खड़ी करके फ्रेश होने के लिए पूल के नीचे गया था जो अपने स्कूटी के पास वापस आया तो स्कूटी के पास 2-3 लड़के खड़े थे जो मोबाईल को बात करने के बहाने मांगे और दो लड़के मोबाईल लेकर भाग गये और उसके 2 अन्य साथी जान से मारने की धमकी देते हुये स्कूटी के चाबी को हाथ से छिनकर स्कूटी लेकर भाग गये हैं, प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार प्रार्थी आशीष यादव पिता सुरेन्द्र यादव उम्र 21 वर्ष निवासी जोएस हाउस बंगालीपारा सरकण्डा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 फरवरी के रात्रि करीब 10 बजे वह अपने मोटर सायकल सीबी साईन क्रमांक सीजी 28 के 2111 को गेट के बाहर लाक कर खड़ी किया था जिसे 2 फरवरी के सुबह करीब 8 बजे देखा तो उक्त मोटर सायकल वहां नहीं था कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मां की बीमारी के बाद भी चीफ जस्टिस ने लखनऊ से वर्चुअल की सुनवाई

मुकदमों की बढ़ती संख्या को देखते लिए निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माताजी की तबियत बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं है। इलाज के लिए लखनऊ लेकर गए हैं। मां की बीमारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी शिद्दत के साथ निभाई। मामलों मुकदमों की बढ़ती संख्या और याचिकाकर्ताओं की परेशानी को देखते हुए सोमवार को डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में लगे मामलों की सुनवाई करने का निर्णय लिया। लिहाजा लखनऊ से सीधे वर्चुअल जुड़कर सुनवाई प्रारंभ की।

चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार जनरल को

निर्देशित किया था उनके डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के मामलों की लिस्टिंग करें। वे लखनउऊ से वर्चुअल जुड़कर सुनवाई करने का अपना निर्णय रजिस्ट्रार जनरल को सुना दिया था। लिहाजा बिलासपुर हाईकोर्ट में पहली डिवीजन बेंच अपने नियत समय पर लगी और सुनवाई प्रारंभ हुई। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच एक में जस्टिस अरविंद वर्मा और याचिकाकर्ता व प्रमुख पक्षकारों के वकील थे। चीफ जस्टिस ठीक समय पर वर्चुअल जुड़े। उनके जुड़ते ही सुनवाई प्रारंभ हुई। जस्टिस वर्मा मामलों के बारे में बता रहे थे और उनसे सीधे चर्चा कर रहे थे। निर्धारित समय तक डिवीजन बेंच में सुनवाई की। लंच के बाद चीफ जस्टिस ने सिंगल बेंच में सुनवाई प्रारंभ की। कोरोना संक्रमण काल के दौर में वर्चुअल सुनवाई का दौर प्रारंभ हुआ था। उस दौर में जज हाई कोर्ट में बैठकर सुनवाई करते थे।याचिकाकर्ता और प्रमुख पक्षकारों के अधिवक्ताओं को वर्चुअल जुड़ने की छूट थी। वे वर्चुअल जुड़कर अपने मामलों की पैरवी किया करते थे। यह पहली बार हुआ जब हाई कोर्ट जज वर्चुअल जुड़कर मामलों की सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में वर्चुअल सुनवाई की।

बैंक शाखा में चोरी का प्रयास लॉकर तोड़ने की कोशिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना कोनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरकोना स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में चोरी का प्रयास किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी शाखा प्रबंधक विवेक राय ने दी। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल की शाम 6 बजे से 7 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के शटर गेट के दो ताले और चैनल गेट के एक ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। बैंक के भीतर सामान अस्त-व्यस्त मिला और स्ट्रॉन्ग रूम के पास जमीन को खोदने का प्रयास किया गया। साथ ही, किचन के दीवार को भी स्ट्रॉन्ग रूम की ओर से तोड़ने की कोशिश की गई थी, जिससे दीवार आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच में यह सामने आया कि एक अज्ञात व्यक्ति रात करीब 8 बजे बैंक परिसर में दाखिल हुआ था। शाखा प्रबंधक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोनी में अपराध दर्ज किया है। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305-बीएनएस, 331(4)-बीएनएस, 62-बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है।

यात्रा पुलिस मैदान में वापस लौटे 1008 श्रद्धालु व स्वयंसेवक, समिति के सदस्यों ने वापसी पर किया सभी दर्शनार्थियों का स्वागत

रामभक्ति से शहर अभिभूत, अयोध्या से लौटे श्रद्धालुओं के चेहरे खिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन कर लौटे 1008 रामभक्तों का सोमवार को बिलासपुर पहुंचते ही पुलिस मैदान में भव्य स्वागत हुआ। तीन दिवसीय इस ऐतिहासिक धार्मिक यात्रा के बाद जब सभी 21 बसों का जत्था शहर में पहुंचा, तो हर चेहरा दिव्यता, श्रद्धा और आनंद से दमक रहा था। भक्तों की आंखों में आस्था के आंसू थे और होठों पर जय श्रीराम के उद्घोष। यह नजारा देखकर हर कोई अभिभूत हो उठा। पुलिस मैदान में जब परिजनों और शहरवासियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया, तो मानो रामभक्ति का उत्सव फिर एक बार शहर

की हवाओं में घुल गया। इस यात्रा की शुरुआत बिलासपुर से प्रयागराज में त्रिवेणी संगम स्नान से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर आत्मिक शुद्धि का अनुभव किया। संगम स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं का जत्था जब भगवा वस्त्रों में अयोध्या की ओर बढ़ा, तो पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। तीन दिन की इस यात्रा में भजन, पदयात्रा और भक्ति के आयोजन ने भक्तों को एक ऐसी आध्यात्मिक ऊंचाई पर पहुंचाया, जहां उन्हें स्वयं भगवान के सान्निध्य का अनुभव हुआ। आयोजन समिति के सदस्य रौशन सिंह ने बताया कि अयोध्या में जब सभी श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किए, तो वह पल सभी के लिए भावनाओं से भरा हुआ था। नयन अश्रुपूरित थे, मन शांत और हृदय आनंदित। अनेक श्रद्धालुओं ने कहा कि यह जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव रहा। कई भक्त इतने भावुक हो उठे कि वे खुद को रोक नहीं पाए।

यात्रा संयोजक प्रवीण झा की भूमिका अद्वितीय

इस यात्रा को सफल बनाने में संयोजक प्रवीण झा की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनकी नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव और संकल्पशीलता ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। भोजन, आवास, सुरक्षा और मार्गदर्शन जैसी व्यवस्थाएं इतनी सुचारू थीं कि हर श्रद्धालु ने उनका आभार व्यक्त किया। प्रवीण झा की टीम ने जिस समर्पण से हर पहलू का ध्यान रखा, वह अनुकरणीय है। उनके प्रयासों ने इस यात्रा को केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक आत्मिक उत्सव बना दिया।

न्यूज गैलरी

एमिटी यूनीवर्सिटी छग का आज दीक्षांत समारोह

रायपुर। एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का 2024 बैच के स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों की दीक्षांत समारोह 9 अप्रैल 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में सुबह 10.15 बजे आयोजित किया जाएगा।इस समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राज्यपाल करेंगे। समारोह में एमिटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान का औपचारिक संबोधन होगा। RBI EF के अध्यक्ष और एमिटी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. असीम चौहान अपने प्रेरणादायक विचार साझा करेंगे। जबकि विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति समारोह को संबोधित करेंगे और दीक्षांत समारोह की औपचारिक प्रक्रिया का संचालन करेंगे। समारोह की रिपोर्ट कुलपति प्रो. (डॉ.) पीयूषकांत पांडे प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विषयों में 676 छात्रों को डिग्रियां और पदक प्रदान किए जाएंगे। इसमें बीआर्क (27), बीए (एप्लाइड साइकोलॉजी) (30), बीए (अर्थशास्त्र) (7), बीए (अंग्रेजी) (16), और बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) (20) शामिल हैं। विधि संकाय से 11 LLM, 33 BA LLB और 24 BBA LLB स्नातक होंगे। व्यवसाय और वाणिज्य संकाय में 184 BBA और 77 B.Com (ऑनर्स) स्नातक सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, B.ID (25), B.Sc (जैव प्रौद्योगिकी) (17), B.Sc (IT) (13), B.Tech (बायोटेक्नोलॉजी), और फैशन डिज़ाइन जैसे तकनीकी विषयों से भी छात्र शामिल होंगे। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में MA (अंग्रेजी) (1), MA (जर्नलिज्म और जनसंचार) (5), MBA (56), MCA (9) तथा ख्र्ष् (बायोटेक्नोलॉजी) (5) छात्र शामिल हैं। साथ ही, 16 शोधार्थियों को क्द्रष्ठ की उपाधि प्रदान की जाएगी।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। मानवीय मूल्यों और पारंपरिक संस्कारों को बनाकर रखने में उत्कृष्टता के लिए दो छात्रों को श्री बलजीत शास्त्री पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एक छात्र को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा, जो उसकी बहुआयामी प्रतिभा और समग्र योगदान को दर्शाएगा। इसके अतिरिक्त, 38 छात्रों को पारस्परिक कौशल, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, तकनीकी नवाचार, आयोजन क्षमता, व्यावसायिक दक्षता, व्यक्तित्व विकास और शिक्षण-अभ्यास क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए साल्वर सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। डॉ. अशोक के. चौहान स्कॉलरशिप पुरस्कार, जो 100त छात्रवृत्ति प्रदान करता है, 11 छात्रों को उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा। शैक्षणिक उत्कृष्टता की मान्यता स्वरूप 18 छात्रों को स्वर्ण पदक, 15 को रजत पदक और 6 को कांस्य पदक से नवाजा जाएगा। इसके अलावा, दो छात्रों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसापत्र प्रदान किए जाएंगे।

टैरिफ का असर! गोल्ड और क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ का असर अब कमोडिटी मार्केट पर भी देखने को मिल रहा है। वैश्विक स्तर पर अहम माने जाने वाली गोल्ड और क्रूड ऑयल जैसी महत्वपूर्ण कमोडिटी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली रही है। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 2,613 रुपये कम होकर 88,401 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो शुक्रवार को 91,014 रुपये थी। इसके साथ ही, 22 कैरेट के गोल्ड की कीमत कम होकर 86,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट के गोल्ड की कीमत कम होकर 78,680 रुपये हो गई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। एक किलो चांदी की कीमत 4,535 रुपये कम होकर 88,375 रुपये प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 92,910 रुपये प्रति किलो थी। गोल्ड की कीमतों में कमी की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम कम होना है। गोल्ड का भाव 3,201 डॉलर प्रति औंस के अपने उच्चतम स्तर से कम होकर 3,060 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है। ऐसी ही स्थिति चांदी में देखी गई है। जहां भाव 35 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर से गिरकर 30.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद से क्रूड ऑयल की कीमतों पर भी दबाव देखा जा रहा है।

प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रोग्राम का पहला चरण पूरा

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में सुरक्षा प्रशिक्षण से 43 युवा बना रहे हैं बेहतर भविष्य

बेंगलुरु। ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आर्ट ऑफ लिविंग ने हाल ही में अपने सुरक्षा प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रोग्राम के पहले चरण को पूरा किया। इसमें देशभर से 43 युवक - युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम 17 से 25 मार्च के बीच आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ, जिसमें 18 से 35 वर्ष के प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये युवा पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और दिल्ली जैसे नौ राज्यों से आए थे। कई प्रतिभागियों के लिए यह पहली बार था जब वे अपने घर से बाहर आए और एक ऐसे वातावरण में पहुँचे जहाँ उन्हें न केवल कौशल मिला बल्कि आत्मविश्वास भी मिला। सुमेरु रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड की एक शाखा सुमेरु सुरक्षा एलएलपी के अंतर्गत चल रही इस पहल

का लक्ष्य 2026 तक 10,000 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करना है। यह पहल सुरक्षा सेवाओं, हाउसकीपिंग, ड्राइविंग, इलेक्ट्रिकल वर्क और बुजुर्ग देखभाल जैसे ब्लू-कॉलर रोजगारों के लिए युवाओं को तैयार करती है।प्रशिक्षण तीन चरणों में होता है- 10-दिवसीय आवासीय फाउंडेशन मॉड्यूल, दो महीने की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ह्लछ्वञ्ज), और प्लेसमेंट सपोर्ट। इस बैच की (ह्लछ्वञ्ज) 27 मार्च से शुरू हो चुकी है, और अब तक 18 सफल प्रशिक्षुओं को ?17,000 तक की शुरुआती सैलरी के साथ नौकरी के प्रस्ताव मिल चुके हैं।दिल्ली की प्रतिभागी अर्चना चौरसिया ने कहा, ÷मैं यहां सुरक्षा प्रशिक्षण को समझने आई थी। अब मुझे लगता है कि मैं न केवल यह काम कर सकती हूं, बल्कि दूसरों को भी इसमें प्रशिक्षित कर सकती हूं। यह कार्यक्रम केवल तकनीकी कौशल तक सीमित नहीं है। इसमें जीवन की चुनौतियों और तनावों से निपटने के तरीके भी सिखाए जाते हैंसुदर्शन क्रिया सीखना मेरे लिए एक टर्निंग पॉइंट रहा है। मैं स्वयं को हल्का महसूस कर रही हूँ। इस प्रशिक्षण ने मुझे सिर्फ कमाने का तरीका नहीं, बल्कि भीतर की शांति भी दी है, अर्चना ने जोड़ा।

अदाणी पोर्ट्स मजबूत पड़ोसी संबंधों और साझा प्रगति का प्रमाण बनेगी

कोलंबो टर्मिनल खुलने से हजारों स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां पैदा होंगी : करण

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने सोमवार को कहा कि श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) के खुलने से स्थानीय स्तर पर हजारों नौकरियां पैदा होंगी।अदाणी पोर्ट्स ने कोलंबो बंदरगाह पर स्थित टर्मिनल पर परिचालन शुरू कर दिया है।सीडब्ल्यूआईटी प्रोजेक्ट 800 मिलियन डॉलर के निवेश का प्रतिनिधित्व करता है। 1,400 मीटर की लंबाई और 20 मीटर की गहराई के साथ टर्मिनल सालाना लगभग 3.2 मिलियन ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स (टीईयू) को संभालने में सक्षम है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में करण अदाणी ने कहा, कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) का उद्घाटन श्रीलंका के लिए गर्व का क्षण है, जिसने कोलंबो पोर्ट को दक्षिण एशिया में एक

प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में स्थापित किया है।उन्होंने कहा, एक दूरदर्शी सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत अदाणी पोर्ट्स द्वारा विकसित यह परियोजना स्थानीय स्तर पर हजारों नौकरियों का सृजन करेगी और मजबूत पड़ोसी संबंधों और साझा प्रगति का प्रमाण बनेगी। अदाणी पोर्ट्स ने एक बयान में कहा कि यह कोलंबो में पहला गहरे पानी का टर्मिनल है, जो पूरी तरह से स्वचालित है, जिसे कार्गो हैंडलिंग क्षमताओं को बढ़ाने, जहाज के टर्नअराउंड समय में सुधार करने और दक्षिण एशिया में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में बंदरगाह की स्थिति को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

सीडब्ल्यूआईटी का संचालन भारत के सबसे बड़े बंदरगाह संचालक, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड, श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी के एक संघ द्वारा किया जाता है, जो 35-वर्षीय बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) समझौते के तहत है।इस बीच, अदाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में 450 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो संभाला, जो सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।एपीएसईजेड के प्रमुख बंदरगाह मुंद्रा ने एक ही वित्त वर्ष में 200 एमएमटी कार्गो के आंकड़े को पार कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जो किसी भी भारतीय बंदरगाह के लिए पहली बार है। देश के सबसे बड़े बंदरगाह संचालक ने वित्त वर्ष 2023-24 में 420 एमएमटी कार्गो संभाला, जो सरकार के 410 एमएमटी वॉल्यूम से अधिक है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने की 444 दिनों की अवधि के साथ 7.15 फीसदी की दर से बॉबस्क्वायर जमा योजना की शुरुआत

रायपुर। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र केअग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज एक नई रिटेल सावधि जमा योजना - बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना आरंभकिए जाने की घोषणा की। 444-दिवसीय यह सावधि जमा योजना आम जनता के लिए 7.15 प्रतिशत प्रति वर्ष,वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.6 प्रतिशत प्रति वर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष या उससे अधिक आयु के) के लिए 7.75त प्रति वर्ष तथा समय-पूर्व अदेय जमाराशियों पर 7.80त प्रति वर्षतक ब्याज दरप्रदान करती है। यह योजना 7 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी तथा 3 करोड़ रुपये से कम की रिटेल सावधि जमाराशियों पर लागू होगी।बीना वाहिद, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदाने कहा, ब्याज दरों में गिरावट के दौर में, बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना जमाकर्ताओं को उच्च ब्याज दरों को लॉक करने तथा अपनी बचत पर स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न अर्जित करने का एक आकर्षक विकल्प प्रदान करती है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ग्राहकों के वृद्धिशील वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करने हेतु अपनी जमा पेशकशों में लगातार नवोन्मेषीउत्पाद लेकर आ रहा है। ग्राहक बैंक के डिजिटल चैनलों जैसे बॉब वर्ल्ड ऐप और बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा के माध्यम से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं। इसके अलावा, बैंक के नए ग्राहक अब बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट के माध्यम सेबचत खाता खोले बिनाभी वीडियो केवाईसी द्वारा बैंक के साथ एफडी खाता खोल सकते हैं।

शानदार डील और ट्रीट के साथ बनाएं नेशनल पैट डे को और भी खास

बेंगलुरु। इस साल नेशनल पैड डे पर, Amazon.in आपके सबसे प्यारे दोस्त को पैम्पर करना पहले से कहीं ज़्यादा आसान बना देगा। अमेजन ने आपके पैट के लिए 11 से 14 अप्रैल के बीच एक खास स्टोर पेश किया है। इस स्टोर में पैट के लिए जरूरी चीज़ों का बेहतरीन संग्रह पेश किया गया है। यहां आप एक ही जगह पर कई तरह के उत्पादों को देख सकते हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से और सुविधाजनक रूप से अपने पैट की देखभाल कर सकेंगे। यहां पौष्टिक ट्रीट और मज़ेदार खिलौनों से लेकर प्रीमियम ग्रूमिंग प्रोडक्ट और उनकी रोजमर्रा की जरूरत के सामान तक सब कुछ उपलब्ध है। इस स्टोर पर पेडिग्री, ड्रूल्स, रॉयल कैनिन, मूची, फ़ार्मिना, हिमालया आदि जैसे टॉप ब्रांडों के प्रोडक्ट एक ही जगह पर उपलब्ध हैं। तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ, अपने पैट के लिए खरीदारी करना अब पहले से कहीं ज़्यादा मजेदार और सुविधाजनक हो गया है। ग्राहक अमेजन पे के साथ शानदार बचत का मजा भी उठा सकते हैं, साथ ही प्राइम मैंबर्स के लिए, हज़ारों पैट प्रोडक्ट पर सेम डे डिलीवरी का विकल्प मिलता है। जो उनकी खरीदारी को और भी आसान बना देती है। ग्राहक 5000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर स्ब्ध्ढ क्रेडिट कार्ड पर 10त की छूट का लाभ भी उठा सकते हैं। क्यूपेट्स कैट वॉटर-बेड इन्फ्लेटेबल वॉटर मैट - क्यूपेट्स का यह इन्फ्लेटेबल वॉटर मैट बिल्लियों को एक ताज़गी भरा ठंडा अहसास देता है। यह गर्मियों के मौसम में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह बेहद टिकाऊ एंटी-स्क्रैच क्क्ङ्क्ष्ट से बना है, जिसकी मदद से यह लंबे समय तक चलता है। इसके साथ ही इसमें मन बहलाने के लिए बिल्ट-इन फिश ऑर्नामेंट भी दिया गया है।

आत्मनिर्भर भारत के लिए सोया वैल्यू चेन को मिला नया दृष्टिकोण

इंदौर। भारत की खाद्य सुरक्षा, पोषण जरूरतों और सतत कृषि प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, इंदौर में आयोजित 'सोया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2025' के दूसरे दिन विचार-विमर्श का दायरा और भी विस्तृत रहा। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन ने न केवल सोया आधारित उत्पादों की उपयोगिता को रेखांकित किया, बल्कि इससे जुड़े व्यापक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं को भी विमर्श का हिस्सा बनाया। कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन का फोकस मुख्यतः सोयाबीन के चुनाव, उत्पादन, प्रोसेसिंग और व्यापार से संबंधित जागरूकता फैलाने और संपूर्ण वैल्यू चेन को विकसित करने की दिशा में रहा। सीएसआईआर सीएफटीआरआई की डायरेक्टर डॉ.श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने कहा

÷आज भारत कई सोया उत्पादों और प्रोसेस्ड सामग्री के लिए अन्य देशों पर निर्भर है। यदि हम अपने देश में ही पर्याप्त मात्रा में प्रोसेसिंग सुविधाएं विकसित करें, किसानों को बाज़ार से सीधे जोड़ें और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, तो भारत एक आत्मनिर्भर सोया अर्थव्यवस्था की दिशा में मज़बूती से आगे बढ़ सकता है।

अब समय आ गया है कि हम सोया को सिर्फ एक फसल नहीं, बल्कि समग्र विकास का माध्यम समझें। इसके माध्यम से न केवल पोषण, बल्कि रोज़गार, महिला सशक्तिकरण और निर्यात अवसर भी पैदा हो सकते हैं। आईसीएआर-नेशनल सोयाबीन रिसर्च इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. कुँवर हरेन्द्र सिंह के अनुसार, ÷किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्ता युक्त बीजों का चयन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित और पोषणयुक्त उत्पादों की उपलब्धता। किसानों में अब जागरूकता बढ़ रही है और वे बेहतर खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। साथ ही, उपभोक्ता भी अब यह जानना चाह रहे हैं कि वे जो खा रहे हैं वह उनके स्वास्थ्य के लिए कितना लाभकारी है और किस स्रोत से आया है। हालांकि, यह केवल कृषकों की जिम्मेदारी नहीं मानी जा सकती। प्रोसेसिंग यूनिट्स, फूड इंडस्ट्री, वैज्ञानिक समुदाय और नीति निर्माताओं की साझा भागीदारी ही इस पूरे इकोसिस्टम को सफल बना सकती है। सोया से जुड़ी एक समर्पित 'वैल्यू चेन' का निर्माण अत्यंत आवश्यक है जिसमें उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक की प्रत्येक कड़ी मजबूत और पारदर्शी हो। एसएफपीडब्लूए के चेयरमैन डॉ. सुरेश इतापू ने कहा, ÷भारत को सोया क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने के लिए अपनी पूरी वैल्यू चेन, बीज से लेकर बाजार तक को सुदृढ़ बनाना होगा। इसमें प्रोसेसर, डिस्ट्रीब्यूटर और इनोवेटर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

खेल

भुवनेश्वर कुमार ने रचा इतिहास, ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल के नंबर-1 तेज गेंदबाज बने

मुंबई। आईपीएल 2025 के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में 10 साल बाद मुंबई इंडियंस को हराया. इस मैच में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने एमआई के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा का अहम विकेट लेकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की. वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं. भुवनेश्वर के अब

179 मैचों में 184 विकेट हो गए हैं जबकि ड्वेन ब्रावो के नाम 161 आईपीएल मैचों में 183 विकेट दर्ज हैं। साथ ही, भुवनेश्वर कुमार आईपीएल में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. युजवेंद्र चहल (162 मैचों में 206 विकेट) और पीयूष चावला (192 मैचों में 192 विकेट) आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. विराट कोहली (67) और कप्तान रजत पाटीदार (64) ने अर्धशतक बनाए, जबकि जितेश शर्मा (19 गेंदों में नाबाद 40) ने अंतिम बढ़त दिलाई. आरसीबी ने स्कोरबोर्ड पर (221/5) का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए, हार्दिक पांड्या ने सिर्फ 15 गेंदों पर 42 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने 29 गेंदों पर 56 रन बनाए. हालांकि, दोनों के प्रयास एमआई को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थे, और टीम को 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा. आरसीबी इस समय टूर्नामेंट में 4 मैचों में 3 जीत और 1 हार के साथ तीसरे स्थान पर है खास बात यह है कि उनकी सभी जीत घर से बाहर आई हैं।

विराट कोहली ने बीच मैदान पर जीतेश शर्मा का चूमा माथा

मुंबई। आईपीएल 2025 के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराया. वानखेड़े स्टेडियम में एमआई के खिलाफ यह जीत आरसीबी के लिए 10 साल बाद आई. लेकिन, इस ऐतिहासिक जीत से भी ज्यादा सुर्खियां विराट कोहली ने बटोरीं, जिन्होंने खुशी में आरसीबी के विकेटकीपर-बल्लेबाज जीतेश शर्मा का माथा चूम लिया।

आरसीबी द्वारा दिए गए 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत खराब रही और रयान रिकेल्टन सस्ते में पवेलियन लौट गए. रिकेल्टन के इस विकेट में आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ-साथ सबसे अहम भूमिका विकेटकीपर जीतेश शर्मा की भी रही। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के बल्लेबाज को जोश हेजलवुड की गेंद पैड पर लगी, लेकिन मैदानी अंपायर ने अपील ठुकरा दी. हेजलवुड की दिलचस्पी दिख रही थी, लेकिन जितेश शर्मा ने मामले को अपने हाथों में ले लिया। जितेश शर्मा

दौड़ते हुए पिच पर यह देखने के लिए गए कि गेंद कहां टिप हुई है। रिव्यू लेने से पहले यह एक गंभीर जासूसी का काम था. इसके बाद बिना किसी हिचकिचाहट उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार को डीआरएस लेने के लिए राजी कर लिया. यह रिव्यू एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ. बॉल-ट्रैकिंग ने पुष्टि की कि गेंद लाइन में पिच हुई थी और स्टंप्स से टकराने वाली थी, जिसके बाद मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया गया और रिकेल्टन को आउट दिया गया। रिव्यू सफल होने के बाद आरसीबी कैंप खुशी से झूम उठा और जश्न के बीच, कैमरों ने एक दिल को छू लेने वाला पल कैद कर लिया - पूरी तरह से उत्साहित विराट कोहली ने खुशी में जितेश शर्मा के माथे पर चुंबन लिया. जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। बता दें कि, मैच में जितेश शर्मा सिर्फ विकेटकीपिंग के मामले में ही हीरो नहीं थे. इससे पहले, बल्ले से भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई. उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर 40 रन बनाकर आरसीबी को वह बढ़त दिलाई जिसकी उन्हें जरूरत थी।

सुशासन तिहार 2025

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

संवाद से समाधान तक

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

समस्याओं का समाधान
आपके शहर, आपके ग्राम

------- 08 अप्रैल से 31 मई, 2025 -------

सुशासन तिहार 2025

आवेदन क्रमांक: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
Y Y M L L L L L L A A A A A

जिला: .... विकासखण्ड: ....

ग्राम पंचायत: .... ग्राम: ....

विभाग का नाम: .... मांग/शिकायत: ....

आवेदक का नाम: .... मोबाइल नं.: ....

आवेदन का विषय

आवेदन का विवरण

आवेदक का हस्ताक्षर

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

आवेदन क्रमांक: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
Y Y M L L L L L L A A A A A

आवेदक का नाम: ....

प्रभारी अधिकारी का नाम व हस्ताक्षर: ....

नोट: कृपया एक फॉर्म में एक ही शिकायत दर्ज करें, एक से अधिक शिकायत के लिए अलग-अलग फॉर्म भरें।

YY: वर्ष, M: मोड, LLLLLL: लोकैलिटी कोड, AAAAA: आवेदन क्रमांक

प्रथम चरण:
समस्या संबंधी आवेदन
(08 से 11 अप्रैल, 2025)

द्वितीय चरण:
आवेदनों का निराकरण
(लगभग 01 माह)

तृतीय चरण:
समाधान शिविर
(05 से 31 मई, 2025)

आवेदन करने के लिए स्कैन करें

आवेदन नगरीय निकाय/ ग्राम पंचायत कार्यालय या वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com